जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 330 प्रभात हिण्डौन सिटी, शुक्रवार 3 अक्टूबर, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## 'सरकार के प्रति असंतोष की हिंसक अभिव्यक्ति से बदलाव नहीं आ सकता'

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ''जैन ज़ी'' के बढ़ते असंतोष पर चिंता जताई और कहा कि देश में विभिन्न समुदायों को उकसाने की कोशिश की जा रही है

- आरएसएस के मुख्यालय से विजयदशमी के उद्बोधन में भागवत ने बाँग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के जैन ज़ी आंदोलन का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि ऐसे असंतोष का इस्तेमाल अक्सर बाहरी ताकतें राष्ट्र को अस्थिर करने के लिए करती हैं।
- भागवत ने सरकार को भी चेतावनी दी कि जब जनता की स्थिति को ध्यान में रख कर नीतियां व योजनाएं नहीं बनाई जाती हैं तो असंतोष पैदा होता है।
- भागवत ने अमेरिका द्वारा टैरिफ वृद्धि पर भी बोला और कहा, ''स्वेदशी का कोई विकल्प नहीं है, हमें आत्मनिर्भरता की नीति पर चलना होगा, किसी के भी दबाव में आए बिना।''
- भागवत ने यह भी कहा कि पहलगाम अटैक और ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि कौन हमारा दोस्त है और कौन दुश्मन।
- भागवत ने संघ के विजयदशमी महोत्सव की शुरुआत ''शस्त्र पूजा'' के साथ की। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस भी मौजूद थे।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही ताकतों को लेकर आगाह किया और कहा कि भारत को ऐसी ताकतों के प्रति और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। विजयदशमी के अवसर पर नागपुर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अपने महत्वपूर्ण भाषण में भागवत ने कहा कि हाल के समय में देश में समुदायों को भड़काने की कोशिशें हुई हैं।

भागवत ने आगाह किया, ''ऐसी उग्र अशांति का उपयोग अक्सर राष्ट्रिवरोधी विदेशी ताकतों द्वारा किया जाता है।''

उन्होंने कहा, हाल के समय में हमारे पड़ोसी देशों में काफी उथल-पुथल देखने को मिली है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल ही में नेपाल में हिंसक जन आक्रोश के कारण सत्ता

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## प्र.मंत्री मोदी ने भागवत के संबोधन की सराहना की

- प्र.मंत्री ने एक्स पर लिखा, परम पूज्य सरसंघचालक मोहन भागवत का उद्बोधन प्रेरणस्पद था। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में आरएसएस के योगदान के बारे में बताया।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के विजयदशमी संबोधन की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''परम पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी के प्रेरणादायक संबोधन में राष्ट्र निर्माण में संघ के समृद्ध योगदान को रेखांकित किया गया और इस पावन भूमि की उस अंतर्निहित शक्ति को उजागर किया गया, जो भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाकर पूरे विश्व को लाभ पहुंचा सकती है।''

अपने एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भागवत ने राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस प्रमुख ने भारत की उस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अमेरिका में ट्रंप के सबसे प्रबलतम समर्थक कौन हैं?

### राहुल गांधी के अनुसार, ये वो ही लोग हैं जिन्होंने अमेरिका में औद्योगिक परिवर्तनों के कारण अपने जॉब खोए हैं

- राहुल गांधी ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, जो लोग एनर्जी ट्रांज़ैक्शन को सफलता से मैनेज करते हैं, वे ही रामराज्य बनाते हैं
- वर्तमान में संघर्ष चल रहा है कि पैट्रोल चालित वाहनों की जगह, अब बिजली से चलने वाली गाड़ियों का परिवर्तन कौन मैनेज करेगा।
- इस दौड़ में चीन, अमेरिका से आगे बढ़ता जा रहा है। पर, चीन का औद्योगिक उत्पादन अप्रजातंत्रीय व्यवस्था पर आधारित है। पर, भारत के समक्ष चुनौती है कि औद्योगिक उत्पादन को प्रजातंत्रीय व्यवस्था में सफल बनाये। क्योंकि, प्रजातंत्रीय व्यवस्था ही भारत में चल सकती है।
- इससे पूर्व अमेरिका व इंगलैण्ड में कोयले व स्टीम को पैट्रोल से रिप्लेस किया था। अतः औद्योगिक क्रांति का लाभ लेकर पूरे विश्व में छा गये थे। भाजपा ने राहुल की सोच पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि वे लीडर ऑफ ऑपोज़ीशन नहीं, लीडर ऑफ प्रोपगंडा हैं, जो विदेश जाकर केवल भारतीय प्रजातंत्र की खिल्लियाँ उड़ाते हैं और कभी सेना, कभी ज्यूडीशियरी, कभी संविधान और कभी सनातन धर्म का मखौल उड़ाते हैं।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज ईआईए यूनिवर्सिटी ऑफ कोलम्बिया के एक कार्यक्रम में बोलते हुए ''संरचनात्मक खामियों'' का मुद्दा उठाया और कहा कि देश की विविध परंपराओं को फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए।

अपने व्याख्यान में, गांधी ने आरएसएस- भाजपा पर सीधा निशाना साधा और कहा कि उनकी विचारधारा के मूल में ''कायरता'' है।

उन्होंने कहा, ''यह भाजपा-आरएसएस की प्रकृति है। आप विदेश मंत्री का बयान देखें, जिसमें उन्होंने कहा, 'चीन हमसे कहीं ज्यादा ताकतवर है, मैं उनसे कैसे भिड़ सकता हूँ?' यानी उनकी विचारधारा के केन्द्र में कायरता है।'' गांधी ने विनायक दामोदर सावरकर की किताब से एक घटना को उद्धृत किया, जिसमें हिन्दुत्व-विचारक सावरकर ने लिखा है कि ''उन्होंने और उनके दोस्तों ने एक मुस्लिम व्यक्ति को पीटा और उन्हें बहुत खुशी मिली।''

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अंबानी ने पानी का नया ब्रांड ''कैम्पा श्योर'' जारी किया

### पैकेज्ड वॉटर के तीस हज़ार करोड़ रूपए के बाज़ार में अंबानी के आने से बड़े ब्रांड, बिसलरी, एक्वाफीना व किनले में खलबली मची

- रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स ने बताया कि रिलायंस समूह क्षेत्रीय कंपनियों के साथ अनुबंध कर रहा है।
- रिलायंस समूह ने बताया कि कैम्पा श्योर की कीमत अन्य वॉटर बॉटल्स से 20-30 प्रतिशत कम होगी। सबसे छोटी, 250 मिली की बोतल 5 रूपए में मिलेगी।
- इस समय बाज़ार में बिसलरी, एक्वाफीना व किनले की एक लीटर की बोतल 20 रूपए में और 2 लीटर की बोतल 30 से 35 रूपए में मिलती हैं। पर, कैम्पा श्योर की एक लीटर की बोतल की कीमत 15 रूपए तथा 2 लीटर की बोतल की कीमत 25 रूपए रखी गई है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। ''रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स'' नया पैकेज्ड वॉटर ब्रांड ''कैंपा श्योर'' लॉन्च कर रही है। यह किफ़ायती दाम पर उपलब्ध होगा और 30,000 करोड़ रुपये के पैकेज्ड वॉटर बाज़ार को बदलने का लक्ष्य रखता है। कंपनी कई क्षेत्रीय बॉटलिंग कंपनियों से साझेदारी करेगी और 20-30 प्रतिशत तक सस्ता दाम रखेगी। यह आक्रामक रणनीति पैकेज्ड पानी को आम लोगों तक पहुँचाने और नकली ब्रांड पर रोक लगाने के लिए अपनाई गई है। शुरुआत उत्तरी भारत के बाज़ारों से होगी।

यह कदम बेहद प्रतिस्पर्धी और 30,000 करोड़ रुपये के पैकेज्ड वॉटर उद्योग, जो कई हिस्सों में बंटा है और बहुत संगठित नहीं है, में हलचल मचाने वाला है। रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स (समूह की एफएमसीजी इकाई) के निदेशक टी. कृष्णकुमार ने कहा, ''हम कई क्षेत्रीय पैकेज्ड वॉटर कंपनियों के साथ बॉटलिंग और छोटे ब्रांडों के लिए गवर्नेंस मानकों को लागू करने के लिए साझेदारी करने और समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं।''

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अक्टूबर में शुरु होगी भारत चीन सीधी हवाई सेवा

- पूर्वी लद्दाख में 2020 में दोनों देशों की सेनाओं में हुई हिंसक झड़प के बाद से सीधी हवाई सेवा बंद थी।

नयी दिल्ली, 02 अक्टूबर। भारत और चीन ने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए इस महीने के अंत में चुनिंदा स्थानों से सीधी उड़ान सेवा की बहाली करने पर सहमति व्यक्त की है। इस सहमति से दोनों देशों के बीच पिछले पांच वर्ष से बंद सीधी उड़ान सेवाओं की बहाली का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

विदेश मंत्रालय ने गुरूवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों के बीच चल रही तकनीकी स्तर की चर्चा में यह सहमति बनी है कि दोनों देशों के निर्दिष्ट स्थानों को जोड़ने वाली सीधी उडान सेवा इस महीने के अंत तक फिर से शुरू हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## सरकार ने लद्दाख में 26 प्रदर्शनकारी रिहा किए

### सरकार ने ''गुडविल'' के संकेत के रूप में यह कदम उठाया और वार्ता के लिए तैयार होने की बात कही

- पर, लेह एपैक्स बॉडी (एल.ए.बी.) व लद्दाख के अन्य संगठनों ने सोनम वांगचुक को रिहा करने की माँग की है और कहा है कि वांगचुक की रिहाई तक कोई बात नहीं होगी।
- केन्द्र सरकार ने एल.ए.बी. की माँग पर कहा कि हम किसी भी समय वार्ता के लिए तैयार हैं।
- एल.ए.बी. ने हिंसक झड़पों की न्यायिक जाँच कराने की माँग की।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। सरकार ने लद्दाख में पिछले सप्ताह हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए 26 लोगों को रिहा कर दिया है। यह कदम क्षेत्र में तनाव कम करने और यह दर्शाने के लिए उठाया गया है कि सरकार इस मुद्दे को शांति से हल करना चाहती है तथा इस पर और ज्यादा टकराव या मौतें नहीं चाहती है।

गुरुवार सुबह लेह जिला जेल के बाहर रिहा किए गए लोगों का स्वागत उनके परिजनों और लद्दाखी नेताओं ने किया। उन्हें ''खाता'' (हिमालयी संस्कृति में सम्मान और शुभकामना का प्रतीक सफेद रेशमी दुपट्टा) पहनाकर सम्मानित किया गया। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष त्सेरिंग दोरजे लाकरुक भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने इन लोगों को सम्मानित किया।

सरकार की सद्भावना की यह पहल ऐसे समय आई, जब श्री लाकरुक ने घोषणा की थी कि एलएबी, जो क्षेत्र में बौद्ध बहुल आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी, विशेष रूप से पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर चल रही वार्ताओं से हट जाएगा।

सोनम वांगचुक को हिंसा के तीन दिन बाद गिरफ़्तार किया गया था और उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसके तहत उन्हें बिना मुकदमे के 12 महीने तक हिरासत में रखा जा सकता है। 59 वर्षीय वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप है, जिसका उन्होंने खंडन किया है।

उन्हें राजस्थान में जोधपुर सैंट्रल जेल में रखा गया है। जब हिंसा भड़की तब वे लेह में 15 दिन के अनशन का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जैसे ही झड़पें शुरू हुईं, उन्होंने अनशन समाप्त कर दिया और शांति की अपील की थी।

एलएबी ने केन्द्र सरकार से वांगचुक की हिरासत को रद्द करने की मांग की है।

हालांकि, अब तक ऐसा नहीं हुआ। लेकिन इस अपील के कुछ ही घंटे बाद सरकार की ओर से बयान आया कि सरकार का रवैया हमेशा वार्ता के लिए खुला रहा है वह किसी भी समय लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ वार्ता के लिए तैयार है।

केडीए, क्षेत्र की मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

लद्दाख में पिछले चार वर्षों से राज्य का दर्जा देने की मांग और संवैधानिक गारंटी के आंदोलन ने गत 24 सितंबर को उग्र रूप ले लिया। कारण था अनशन पर बैठे कार्यकर्ताओं की बिगड़ती हालत और सरकार के साथ वार्ता का चौथा दौर अक्टूबर तक के लिए टल जाना।

इसका परिणाम था, अराजकता और दुख। प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों से झड़प में चार लोग मारे गए। सीआरपीएफ की एक गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया गया और भाजपा का लेह कार्यालय जला दिया गया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

- वे राजघाट पर आयोजित सर्वधर्म सभा में भी शामिल हुए।

नयी दिल्ली, 02 अक्टूबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर मुर्मु, राधाकृष्णन और मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुईं।

इससे पहले, मोदी ने सोशल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## पाकिस्तान में सोलर पंपों की भारी लोकप्रियता के कारण तीव्र गति से जलस्तर ब्लैक ज़ोन में चले जाने से भारी जलसंकट पैदा हो गया है

### कुओं पर लगभग साढ़े 6 लाख सोलर पंप लगे हैं, अधिकृत आंकड़ों के अनुसार अनियंत्रित गति से इनकी संख्या बढ़ती जा रही है

- सिंचाई की इस व्यवस्था के कारण किसान चावल की खेती ज्यादा करने लगे हैं, जिसमें पानी बहुत चाहिए। किसानों ने चावल के खेतों में दिन में चार-चार बार पानी देना शुरु कर दिया है।
- गत दो साल, 2023-25 में 30 प्रतिशत और ज्यादा जमीन पर चावल की खेती होने लगी है।
- चीन में सोलर पैनल बनाने की भारी क्षमता है और पाकिस्तान इन पंपों के लिए सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। चीन की अबाधित सप्लाई के कारण यह पैनल बहुत सस्ते हो गये हैं। यह भी एक कारण है, सोलर पंपों की बढ़ती माँग के पीछे। सोलर पंपों के दाम 80 प्रतिशत तक गिर चुके हैं, दूसरी ओर 2023 में बिजली के दामों में अचानक वृद्धि हुई थी, साथ ही पावर ग्रिड से प्राप्त बिजली की सप्लाई इर्रैग्युलर है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। प्रांतीय जल प्राधिकरण के दस्तावजों से मिली जानकारी के अनुसार, सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ ते रूझान की वजह से पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत में पानी के भंडार तेजी से खत्म हो रहे हैं।

करामात अली की गायें और भैंसें एक समय उनके बड़े परिवार को दूध देती थीं। लेकिन इस साल की शुरुआत में, 61 साल के अली ने दर्जन भर जानवर बेच दिए और उससे मिले पैसों से सौर पैनल खरीद लिए।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के इस धान उत्पादक किसान ने अब अपने खेत में ट्यूबवेल चलाने के लिए सौर पैनलों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यह ट्यूबवेल एक कुएं और मोटर चालित पंप से मिलकर बना है। इस उपकरण से अली को अपनी फसलों की आसानी से सिंचाई करने में मदद मिलती है और वो अनियमित बिजली आपूर्ति और महंगे डीज़ल पर निर्भर नहीं रहते।

उन्होंने कहा, ''मेरे धान के खेत में पानी की आपूर्ति अब पहले से ज्यादा सुचारू हो गई है।''

पाकिस्तान में सौर ऊर्जा क्रांति के दौर से गुज़रते हुए, अली जैसे किसान डीज़ल और बिजली की जगह सूरज की रोशनी से चलने वाले ट्यूबवेल का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह जानकारी 10 किसानों, सरकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों के साक्षात्कार से मिली।

पंजाब जल प्राधिकरण के दस्तावेज़ बताते हैं कि सौर ऊर्जा का यह तेज़ विस्तार उसी समय पर हो रहा है, जब प्रांत में ज़मीन के नीचे का पानी तेजी से घट रहा है। तथापि, दस्तावेज़ों में इसका कारण स्पष्ट नहीं बताया गया।

छह किसानों ने रॉयटर्स को बताया कि उन्होंने अपने चावल के खेतों की सिंचाई कहीं ज्यादा नियमित रूप से शुरू कर दी है, इस प्रक्रिया को ''पल्स इरिगेशन'' कहा जाता है। यह पहले संभव नहीं था, लेकिन सौर पंपों की वजह से अब हो रहा है। क्योंकि सौर पम्पों की वजह से बिजली सस्ती हो रही है और वे बहुत ज्यादा पानी खींच रहे हैं।

किसान अब पहले से ज्यादा पानी माँगने वाली धान की खेती भी बढ़ा रहे हैं। अमेरिकी कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 2023 से 2025 के बीच पाकिस्तान में धान की खेती का क्षेत्रफल 30 प्रतिशत बढ़ा, जबकि कम पानी वाली मक्का की खेती का क्षेत्र 10 प्रतिशत घट गया।

पाकिस्तान में ट्यूबवेल की कुल संख्या के हालिया आधिकारिक अनुमान उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि, उनकी रजिस्ट्री की ज़रूरत नहीं होती। लेकिन इनका इस्तेमाल इतना व्यापक है कि सौर ऊर्जा से बिजली बनाने वाले किसानों के कारण 2025 तक के तीन वर्षों में, कृषि क्षेत्र द्वारा खपत की जाने वाली ग्रिड बिजली की मात्रा में 45 प्रतिशत गिरावट आने की संभावना है। यह अनुमान ऊर्जा अर्थशास्त्री अम्मार हबीब का है, जो पाकिस्तान के बिजली मंत्री के सलाहकार हैं। उनका अनुमान राष्ट्रीय ऊर्जा प्राधिकरण के खपत आँकड़ों पर आधारित है।

रॉयटर्स की गणना, जो हबीब के आँकड़ों पर आधारित है और हबीब तथा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## पंजाब- हरियाणा, चंडीगढ़ में भारी वर्षा की चेतावनी

- मौसम विभाग के अनुसार 5 से 7 अक्टूबर के बीच भारी वर्षा तथा कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना है।

चंडीगढ़ , 02 अक्टूबर। उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में पांच से सात अक्टूबर के दौरान गरज-चमक, तेज हवाओं के साथ भारी या अति भारी वर्षा तथा ओलावृष्टि होने का अनुमान है।

मौसम विभाग द्वारा गुरुवार को जारी पूर्वानुमान और चेतावनी अनुसार, चार अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके पांच से सात अक्टूबर के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तर पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों के प्रभावित होने की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# शिक्षा का अधिकार मानव का सर्वोच्च मूल अधिकार है

'आई लव मोहम्मद', 'आई लव महादेव' आदि के बेनर्स के नारों से देश में साम्प्रदायिकता की बदबू फैल रही है। बरेली में हिंसा के बाद महाराष्ट्र आदि राज्यों में भी हिंसा देखी गई है। ये घटनायें सभ्य समाज व धर्म निरपेक्ष देश के लिए बड़े खतरे का सूचक है, क्योंकि धर्म का असली मतलब शुद्ध आचरण का इन्सान बनना और बनाना है। उक्त धर्म उन्मादक नारों के बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी का उद्घोष 'आई लव कॉन्स्टीट्यूशन', देश की राजनीति में तूफान की चेतावनी दे रहा है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि वर्तमान सरकार संविधान तोड़ रही है और वे चुप नहीं बैठेंगे अपितु दोषियों को सजा दिलायेंगे। वस्तुत: ये सारे नारे अर्थहीन हैं और राजनैतिक लाभ प्राप्त करने के इरादों से किये जान पड़ते हैं।

यह प्रसंग लेखक यहाँ यह राहुल गांधी के नारे 'आई लव कॉन्स्टीट्यूशन' की ओर इस कथन के साथ कर रहा है कि भारत में किसी भी राजनीतिक पार्टी का शासन रहा, सभी ने संविधान की अवज्ञा की है और वह भी राजनीतिक वोटों के लालच के कारण। वस्तुत: उन्हें साहस के कहना चाहिये, उन्हें भारत के संविधान पर गर्व है। लेख के माध्यम से लेखक कई उदाहरण देकर स्पष्ट करना चहाता है कि राजनीतिक पार्टियों ने संविधान की अवज्ञा किस प्रकार की है। इस लेख का विषय 'शिक्षा के मूल अधिकार' से सम्बन्ध रखता है।

शिक्षा का मूल अधिकार

लेखक का दृढ़ विश्वास है कि हमारा संविधान संसार के विधानों में श्रेष्ठ है। हमें उसकी धार्मिक ग्रन्थ गीता, कुरान, बाईबिल आदि के समान

श्रद्धा भाव से पालना करनी चाहिये और उस पर आचरण भी। प्रत्येक संविधान उसके संस्थापकों तथा निर्माताओं के आदर्श, सपनों तथा मूल्यों का दर्पण होता है।

शिक्षा के मूल अधिकार को हमें संविधान, मानव अधिकार व इन्टरनेशनल कॉवनेन्ट ऑन इकोनोमी, सोशल व कल्चरल राइट्स, 1966 की अन्तर्राष्ट्रीय संधि तथा लॉ कमीशन ऑफ इण्डिया की सिफारिश व माननीय सर्वोच्च न्यालया के जस्टिस कुलदीप सिंह के तथा यूनि कृष्णन, जे.पी. व टीएमए पाई के निर्णयों के संदर्भ में समझना होगा। शिक्षा प्रदान करने का पावन व प्राइम कर्त्तव्य राज्य का है और इसके बाद प्राइवेट स्कूलों की सेकण्डरी डयूटी है क्योंकि शिक्षा व्यापार न होकर चेरिटी है। प्राइवेट स्कूल तो सरकार के सहयोगी मात्र हैं, क्योंकि सरकार शिक्षा देने की व्यवस्था नहीं कर पा रही है इसलिये प्राइवेट स्कूल उनके भार को चेरिटी के हेतु ढ़ो रहे हैं।

शिक्षा का अधिकार मानव का मूल अधिकार है और वह अनुच्छेद 21 से मुखरित होता है। शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21, 21क व अनुच्छेद 45 से निस्तारित होता है और यही एक मात्र अधिकार है जो संविधान के चेप्टर दोनों में मूल अधिकार के रूप में आता है। डॉ॰ अम्बेडकर ने एसेम्बली में संविधान निर्माण के संबंध में घोषणा की थी कि नीति निर्देशन तत्वों को आप इलेक्शन मेनीफेस्टों के रूप में अथवा शो पीस न मानें, ये देश के भविष्य के लिये एडमिनिस्ट्रेशन के लिये आवश्यक हैं। लॉ कमीशन की सिफारिश थी कि आर्टीकल 45 का दायरा बालकों की 14 वर्ष की आयु से परे, नागरिकों के डेवेलपमेण्ट और उन्हें राज्य की आर्थिक लिमिटेशन से ऊपर ले जाना होगा। राज्य को प्रयत्न करना होगा कि वह सभी स्तर पर शिक्षा प्रदान करे।

अनुच्छेद 21ए 6 वर्ष से 14 वर्ष के बालकों को अधिकार देता है और अनुच्छेद 45, 6 वर्ष तक के बालकों को। यह अधिकार भाग चार में हैं। अनुच्छेद 45 जैसा 86वें एमेंडमेण्ट से पूर्व में था उसका उद्देश्य था कि 10 वर्ष का अवधि में देश के 14 वर्ष तक के बालक आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त कर ले।

टीएमए पाई के केस में सर्वाच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जो प्राइवेट स्कूल, राज्य से को  अनुदान प्राप्त नहीं कर रहे हैं उन पर राज्य का को  अंकुश नहीं हो सकता। प्राइवेट शिक्षा संस्थायें फीस लगाने में स्वतंत्र हैं। फीस का मापदण्ड अच्छी व अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर और अच्छे स्तर की शिक्षा का है। प्राइवेट स्कूल 10 प्रतिशत तक फीस से आय का लाभ अर्जित कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने टी.एम.ए. पा  फाउण्डेशन के केस के निर्णय में यह माना कि शिक्षण संस्था की स्थापना के हेतु दो अधिकारों की आवश्यकता है प्रथम स्कूल में भर्ती का अधिकार और दूसरी उचित फीस का ढाँचा। इसके हेतु 4 सिद्धान्त को आधार माना – (1) शिक्षा व्यापार नहीं है, अपितु चेरिटी का सिद्धान्त पर आधारित है, (2) संस्था की स्वायत्ता, (3) स्वयं आगे आकर अपने विवेक से कार्य, (4) सहयोग का सिद्धान्त। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने सभी निर्णयों में इसे स्वीकार किया है कि बिना प्राइवेट स्कूल की साझेदारी के शिक्षा के इस अधिकार की सत्यता को साकारता नहीं दी जा सकती।

वर्तमान समय में आर्थिक आधार पर आर्थिक अभाव की बात करना बेमानी है। राजस्थान गैर सरकारी शिक्षा संस्थायें अधिनियम, 1989 के समय तथा सन 2011–12 तक राज्य सरकार 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक वेतन व खर्चे के अनुसार 12वीं कक्षा तक शिक्षण संस्थाओं को अनुदान दे रही थी। स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा 12वीं तक थी। इसलिए नीति निदेशक तत्वों के चेप्टर में अर्थ के अभाव की बात इन परिस्थितियों में बेमानी है। चूंकि शिक्षा का अधिकार मानव अधिकार है और मानव अधिकार का क्रियान्वयन कोर्ट के माध्यम से हो सकता है। राजस्थान में फ्री शिक्षा का अधिकार 12वीं कक्षा तक के बालकों को प्राप्त हो चुका है। यों शिक्षा अधिनियम, 2009 लागू होने के साथ ही शिक्षा अधिनियम 1989 रिपिल (समाप्त) हो चुका है।

हमारा संविधान व्यक्ति की गरिमा का उल्लेख करता है। डा॰ राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित युनिवर्सिटी एजूकेशन कमीशन ने सन् 1948 में शिक्षा के क्षेत्र में स्वायत्तता की बात की थी। कमीशन ने स्पष्ट किया था कि शिक्षा के विकास व विस्तार के हेतु स्टेट का नियंत्रण नहीं रहना चाहिये। ऊँची शिक्षा देना राज्य का कर्त्तव्य व जिम्मेदारी है। स्टेट कन्ट्रोल व स्टेट अनुदान दोनों अलग–अलग है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटीज् की सफलता का एक मात्र कारण यह रहा है कि वे राज्य के बन्धन से स्वतंत्र रही थी और इस हेतु उन्हें कानून का संरक्षण था। हमारे विद्यालय भी नि:सन्देह सरकारी नियंत्रण से मुक्त होने चाहिये। ब्रिटेन के स्कूलों का जो सम्मान बढ़ा है उन्होंने जो यश प्राप्त किया है वह इसी कारण हुआ है प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं को सरकारी बन्धन से मुक्त रखा गया है।

> **संविधान निर्माताओं ने स्पष्ट निर्देश राज्यों को दिये थे कि वे 14 वर्ष के बालकों को संविधान के लागू होने की तारीख से 10 वर्ष की अवधि में नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा देंगे; किन्तु ऐसा नहीं हुआ।**

मान्यता देने के हेतु किसी भी प्रकार की फीस लेने का को  भी प्रावधान न तो 1989 के अधिनियम में है और न 2009 के शिक्षा अधिनियम में ही है। यह भी निर्विवाद कानूनी सिद्धान्त है कि फीस की वसूली व उसके नियंत्रण का कानून सरकार बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के नहीं कर सकती। संविधान का अनुच्छेद 265 स्पष्ट है। मान्यता की फीस अथवा कोई भी आरक्षण राशि निजी संस्थाओं से एक्जीक्यूटिव निर्देशन के आधार पर नहीं ली जा सकती। यों जब शिक्षा नि:शुल्क है तो फीस क्यों? सरकार की इस बाबत जारी की गई विज्ञप्तियाँ प्रत्यक्षत: अवैध हैं।

मान्यता शिक्षा की गुणवत्ता के हेतु है, उसे किसी अन्य प्रतिबंध से नहीं जोड़ा जा सकता। टीएमए पाई के केस में यह स्पष्ट निर्देश है।

संविधान में शिक्षा के अधिकार के विषय में अनुच्छेद 45 में संशोधन कर पूर्ववर्ती अनुच्छेद के स्थान पर वर्तमान अनुच्छेद 45, संविधान छियासीवे (86वें) संशोधन अधिनियम, 2002 से दिनांक 01.04.2010 से लागू किया गया और इसी छियासीवे (86वें) संविधान अधिनियम 2002 से दिनांक 01.04.2010 से एक नया अनुच्छेद 21क जोड़ा गया। कृपया ध्यान देवें इस प्रकार अनुच्छेद 45 संशोधन कर तथा अनुच्छेद 21क जोड़कर 6 वर्ष के करोडों बालकों का शिक्षा का मौलिक अधिकार छीन लिया गया। पूर्ववर्ती अनुच्छेद 45 में जहाँ यह व्यवस्था थी कि संविधान लागू होने के समय से अर्थात् 26.1.1950 से 10 वर्ष की अवधि में यानी 25.1.1960 तक 14 वर्ष के बालकों को 8वीं कक्षा तक की शिक्षा आवश्यक और अनिवार्य दी जानी थी, उसे न दिये जाने के पाप पर पर्दा डाल दिया गया, और 6 वर्ष से कम की आयु के बालकों को अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा के मूल अधिकार से वंचित कर दिया। क्या कल्याणकारी राज्य का यह कदम प्रगतिवादी कहा जा सकता है, उत्तर होगा नहीं। यह कदम कर्त्तव्य पथ से पीछे जाने का है। निराशाजनक है। जैसा ऊपर कहा गया है सभी क्षेत्रों में शिक्षा देने का दायित्व राज्य का हैऔर शिक्षा मूल (मौलिक) अधिकार है। धन का अभाव है यह कहना 75 साल की आजादी के बाद भारत देश की शान के विपरीत है। नीति निदेशक तत्व प्रवर्तनकारी हैं। वर्तमान में मानव अधिकार, नीति निदेशक सिद्धान्त व मूल अधिकार में कोई भेद नहीं है। ये सभी मानव अधिकार के प्रारूप हैं।

संसद ने शिक्षा के अधिकार के अधिनियम, 2009 को पारित किया और लागू किया, इसे आरटीई के नाम से जाना जाता है। राज्य सरकारों ने अपने–2 राज्य में नियम बनाये। आरटीई अधिनियम, 2009 6 वर्ष से 14 वर्ष के बालकों पर लागू होता है। इसमें व्यवस्था दी गई है प्रथम क्लास में इन बालकों को शिक्षा हेतु प्रवेश दिया जावेगा। अर्थात् 6 वर्ष पूरे होने पर वह प्रथम कक्षा में शिक्षा हेतु दाखिला लेगा। छ: वर्ष से कम आयु के बालकों के हेतु राज्यों ने नये स्कूल खोलने की कोई व्यवस्था नहीं की। किन्तु यह व्यवस्था की कि प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत क्लास की केपेसिटी की सीटों पर सामाजिक व आर्थिक तथा अशक्त बालकों को पहली क्लास में दाखिला दिया जावेगा। बाद में इस व्यवस्था में यह स्पष्ट किया गया कि प्राइवेट स्कूल 25 प्रतिशत तक की सीटों पर अपने–2 स्कूलों में बालकों को पहली क्लास में प्रवेश देने के स्थान पर स्कूल की शिक्षा की प्रारम्भिक शिक्षा की क्लास में शिक्षा दिला सकते हैं, यह एक प्रशासनिक आदेश था। पहली क्लास शिक्षा दी जाने की व्यवस्था शिक्षा के अधिनियम 2009 में है, उसमें प्रशासनिक आदेश से संसोधन नहीं किया जा सकता है अत: राज्य सरकार का आदेश अवैध है शून्य है और प्रभावहीन है। राजस्थान के प्राइवेट स्कूलों में 3 वर्ष पूरे करने पर नर्सरी में प्रवेश दिया जाता है, इसके बाद एलकेजी व यूकेजी क्लासेज होती हैं। राज्य ने समय–2 पर प्रवेश के द्वारा नर्सरी व प्रथम क्लास माना बाद में 25 प्रतिशत सीटों के बाबत एन्ट्री नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी व प्रथम क्लास भी कर दी। विवाद कोर्ट में पहुँचा वहाँ केवल एन्ट्री नर्सरी व प्रथम क्लास दोनों को ही माना गया। खंडपीठ में अपील (रिट) की गई और स्थगन आदेश से अभी प्रवेश की एन्ट्री वही रहेगी, जिसे एकल पीठ ने माना है। आर टी ई अधिनियम, 2009 के अनुसार 25 प्रतिशत सीटों के विद्यार्थी बालकों की शिक्षा का खर्चा राज्य सरकार बर्दाश्त करेंगी और इस हेतु राज्य सरकार अपने स्कूल में प्रति बालक पर खर्च होने तक की राशि का भुगतान प्राइवेट स्कूल को करेंगे। एकल पीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया है कि राज्य सरकार प्राईवेट स्कूलों को फीस के खर्चे का भुगतान करेगी। राज्य का कर्त्तव्य है कि वह प्रत्येक एक किलोमीटर पर स्कूल निर्मित करेगा किन्तु इसकी कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी का कन्सेप्ट वहाँ नहीं है। राज्य के स्कूलों की बिल्डिंग, नियमानुसार नहीं है और न वहाँ खेल के मैदान ही हैं।संविधान निर्माताओं ने स्पष्ट निर्देश राज्यों को दिये थे कि वे 14 वर्ष के बालकों को संविधान के लागू होने की तारीख से 10 वर्ष की अवधि में नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा देंगे; किन्तु ऐसा नहीं हुआ परिणाम यह है कि आज भी हमारे अधिकांश सांसदों व विधायकों को जो कानून बनाते हैं, उन्हें कानून बनाने का पर्यात ज्ञान नहीं है कई तो आठवीं कक्षा तक भी नहीं पढ़े हैं। इसका परिणाम है हमारे कई कानून न्याय की तराजू पर फेल हो जाते हैं। यह देश का दुर्भाग्य है। बालकों की शिक्षा की इस दशा को केवल उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय की परमादेश (Mandamus) रिट् के द्वारा ही सुधारा जा सकता है। साथ ही प्रशासनीय आदेशों के विषय में प्रतिषेध (Prohibition) अधिकार पृच्छा (quo warranto) की रिट निकाल कर उन्हें अवैध घोषित किये जावे।

शिक्षा किसी भी स्तर की हो उसे प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है।

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# हम जो सोचते हैं, कहते हैं, करते हैं–उसी से सब तय होता है...



**कुमार अजय**

हम की परिभाषा कभी थोड़ी संकुचित हो सकती है और कभी थोड़ी विस्तृत। जब यह संकुचित हो तो व्यक्ति खुद उसमें शामिल हो सकता है और इसे विस्तृत करें तो परिवार, परिवेश, दोस्तों और पीढ़ियों को इसमें शामिल कर सकते हैं लेकिन कड़वा, मीठा जैसा भी है– सच यही है कि हम अपना किया भुगतते हैं। माथे चाहे नसीब के मढ़ो या मालिक के। मालिक यूं अच्छा है। फेल हुए तो कर दिया मालिक की मर्जी के नाम तो सारी गिल्टी जाती रही। सफल हुए तो मालिक को श्रेय दिया, सारा घमंड जाता रहा। जिम्मेदारी का बोझ कुछ तो हल्का हुआ। मर लेते वरना इस बोझ को ढो–ढोकर। सच यही है कि सब ऑटोमेटिक व्यवस्था है। हम जो सोचते हैं, हम जो करते हैं, हम जो कहते हैं, उसी को भुगतते हैं। उसी से सब तय होता है। मालिक भी उसी से तय हुआ है। इसलिए वह अस्तित्वहीन होकर भी अस्तित्व में है। संभवत: मालिक एक विचार से ज्यादा कुछ नहीं लेकिन एक विचार से ज्यादा कुछ हो भी क्या सकता है।

पढाई अंतिम या एकमात्र सत्य नहीं फिर भी जाने क्यों, जब प्रतिभावान और उर्जावान युवा गिव अप करते हैं तो बड़ा दुख होता है। यह वो समय नहीं जब आपको घर के हालात में पढ़ाई छोड़नी पड़े। हमारी पीढ़ी या हमसे पहले वालों को पैसे के अभाव में पढ़ाई छोड़नी पड़ती थी। अब सामान्य शिक्षा नि:शुल्क जैसी है और जितना खर्च है, उसे घरवाले उठा ही लेते हैं। घरवाले नहीं उठा पाएं तो सरकारी योजनाओं के अलावा बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो आपके लिए भार उठाने को तैयार मिलते हैं। शर्त केवल यही कि आप खुद तो मेहनत का भार उठाने को तैयार हों। बहुत सारे युवा मेहनत या भीड़ से घबराकर हार मान रहे हैं। पत्थरों को निचोड़कर पानी कर देने की उम्र और यह निराशा! देखकर मन खराब होता है। लेकिन आप कर क्या सकते हैं। बच्चों को लगता है कि कंपीटिशन बहुत है या उन्हें लगता है कि बहुत पढ़ना पड़ेगा। हो भी सकता है कि नौकरी मुश्किल है लेकिन एक स्तर तक पढ़ाई तो होनी ही चाहिए। एक गरीब, जरूरतमंद और कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे के लिए पढ़ाई से बेहतर और कारगर कोई दूसरा हथियार नहीं हो सकता। आप कितने भी कमजोर हों, यदि पढ़ाई में मजबूत हैं तो फिर आप कमजोर नहीं है। यह बात आपको समझनी ही चाहिए। कमजोरी में तो और धुंआधार खेलने की जरूरत है। हार मानने से क्या होगा। तूफानों से डरकर नौका पार नहीं होगी।

लड़के ने पढ़ाई छोड़ दी। उसे दुख तो है लेकिन कहता है कि प्रेमानंद जी महाराज कहते हैं कि प्रारब्ध के हिसाब से सब निश्चित है। पढ़ाई छोड़कर हलवाई की दुकान पर काम करते बच्चे का यह कहना बहुत निराश करता है। मैं उसे कहता हूं कि प्रेमानंद जी जो कहते हैं, वह चालीस–पचास की उम्र के बाद सुन और मान लेना। फिलहाल किसी खूसट बूढ़े के चक्कर में आने की जरूरत नहीं है। जमकर मेहनत करो और आगे बढ़ो। जितना कर सकते हो, कर लो। जब सक्षम हो जाओ तो संतों के बताए मार्ग पर चल लेना। अपनी कमाई परोपकार में लगा देना लेकिन इन बातों में आकर अपनी जिंदगी खत्म कर लेना कहां की समझदारी है। लड़के को मेरी बात तो शायद ही समझ आएगी लेकिन वह अपने प्रिय संत को खूसट बूढ़ा कहने पर मजा आ गया।

अपने संघर्ष पर बात करते हुए वह मेरे संघर्ष पर सवाल करता है। किसी को मेरा संघर्ष भले ही ज्यादा लगे, मैं बहुत ईमानदारी से कहता हूं कि हम से बहुत–बहुत कठोर परिस्थितियों में लोग जी रहे हैं और हमसे बहुत बेहतर भी कर रहे हैं। और संघर्ष चीज भी बहुत प्यारी है। संघर्ष के दिनों में जैसे सच्चे लोग आपको मिलते हैं, वैसे सच्चे लोग सफल दिनों में जुड़ना संभव नहीं। हां, सबके सहयोग के बावजूद आपको अपने हिस्से का युद्ध तो लड़ना ही होगा। आप लड़ेंगे तो ही औरों का सहयोग मिलेगा। सबके सहयोग के बाद भी बहुत सारे ऐसे दिन आए कि चने खाकर, एक–दो रुपए के केले खरीदकर पेट भर लिया। बहुत बार, थोड़ी देर और–थोड़ी देर और करके दोपहर गुजार दी और जब दोपहर गुजर गई तो सोचा, अब शाम को ही खा लेंगे– एक टाइम के खाने से काम चल जाएगा।

संघर्ष के दिनों की अच्छी बात थी कि सपने हमेशा जिंदा रहे। भविष्य हमेशा ऊजळा दिखा। हमेशा लगा कि कुछ बेहतर होना बाकी है। कुछ न कुछ अच्छा कर लेंगे। वास्तव में तो संघर्ष आदमी के निर्माण की प्रक्रिया है। निर्माण की प्रक्रिया में टूटे भी, लेकिन उतना ही जितना निर्माण के लिए जरूरी हो। कोई रात भारी भी हुई तो रोकर हल्की कर ली। सुबह मुंह धोकर, आंखें पौंछकर फिर आगे बढ़े। कभी किसी ने हमदर्दी जताई तो भी रोना आ गया। एक फिल्म में कहीं सुना था कि–जो दर्द से नहीं टूटते, वह हमदर्दी से टूट जाते हैं लेकिन ज्यादा टूटने न दिया खुद को। और जिंदगी को जितना सोचा था, उससे बेहतर ही पाया। वाकई जिंदगी बहुत खूबसूरत है। अवसर हर किसी की जिंदगी में आते ही हैं। बस जागते रहो, सपने देखो और मेहनत करो।

प्रिय का बिछोह क्या होता है, बिछड़ने वाले जानते हैं लेकिन साथ छूट जाने से फूटे हुए आंसू एक दिन गुम हो जाते हैं। इधर, किसी के साथ ने जिन्हें रूलाया है, वे जानते हैं कि विरह का गम कोई गम ही नहीं है। रोजमर्रा में अखबारों में छपी घटनाएं इसी बात की ताईद करती हैं। बहुत जगहों पर– हम एक–दूसरे के लिए कम, एक–दूसरे से अधिक दुखी है, हालांकि इस गम की क्या दवा हो सकती है। हम अपना स्पेस रखें, दूसरे को उसका स्पेस दें। रिश्तों में लिबरल रहें। सामने वाले की भी सुनें। उसे भी समझें और दिल आ जाए तो कभी–कभी प्यार भी करें।

**–कुमार अजय**
**उपनिदेशक, सूचना एंव जनसंपर्क विभाग।**

# उच्च शिक्षा: दशा, दिशा और दुर्दशा



**अशोक कुमार**

उच्च शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मस्तिष्क और रीढ़ होती है। यह केवल डिग्री या उपाधियाँ प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान, नवाचार और चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला है। शिक्षा की दशा (वर्तमान स्थिति), दिशा (भविष्य की रणनीति), और दुर्दशा (गंभीर कमियाँ) पर गहन दु:ख व्यक्त करना पूरी तरह उचित है भारत, जिसके पास विश्व की तीसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली है, आज एक दोराहे पर खड़ा है– जहाँ एक ओर परिवर्तन की दिशा स्पष्ट है, वहीं दूसरी ओर प्रणालीगत चुनौतियों की दुर्दशा बनी हुई है, जो इसकी वर्तमान दशा को जटिल बनाती है।

**वर्तमान दशा:** विस्तार की उपलब्धि और गुणवत्ता की चुनौती

भारत की उच्च शिक्षा ने पिछले कुछ दशकों में सकल नामांकन अनुपात बढ़ाने में सराहनीय प्रगति की है, जो वर्तमान में लगभग 28.4इ तक पहुँच गया है (2021–22 के आंकड़ों के अनुसार)। महिलाओं का नामांकन भी बढ़ा है, विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एऊर्शं) क्षेत्रों में। इस विस्तार के साथ देश में लगभग 1,000 से अधिक विश्वविद्यालय और 40,000 से अधिक कॉलेज मौजूद हैं।

**लेकिन दुर्दशा यहाँ से शुरू होती है:–**

भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली तेजी से विस्तार के बावजूद गुणवत्तापरक गिरावट का सामना कर रही है। लगभग 30इ विश्वविद्यालय और कॉलेज मान्यता प्राप्त नहीं हैं, जो ईं 2020 के उल्लंघन को दर्शाता है। कई शिक्षण संस्थान केवल लाभ कमाने को प्राथमिकता देते हैं, जिससे शिक्षण और शोध की गुणवत्ता प्रभावित होती है। योग्य संकाय की कमी भी एक गंभीर समस्या है, जहां कई पद वर्षों से रिक्त हैं, और नियुक्ति प्रक्रियाएं जटिल तथा कम पारिश्रमिक की वजह से प्रतिभाशाली शिक्षकों की कमी हो रही है।

असंतुलित गुणवत्ता: उच्च शिक्षा संस्थानों की एक पिरामिडनुमा संरचना है। शीर्ष पर कुछ गिने–चुने उत्कृष्टता केंद्र हैं, जिनकी वैश्विक पहचान है। वहीं, व्यापक आधार पर मौजूद अधिकांश संस्थान बुनियादी सुविधाओं, योग्य शिक्षकों और अद्यतन पाठ्यक्रम की कमी से जूझ रहे हैं।

शिक्षकों का संकट: उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षक–छात्र अनुपात वैश्विक मानकों (1:10) से बहुत कम है, कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 30इ तक शिक्षण पद रिक्त हैं। योग्य शिक्षकों का बेहतर वेतन और अवसरों के लिए पलायन (ँग्ह ड्रेंह) एक बड़ी समस्या है।

अनुसंधान की कमी: उच्च शिक्षा का मूल उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। हालांकि, भारत में शोध के लिए धन वैश्विक मानकों से काफी कम है। अधिकांश शोध कार्य केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित रह जाते हैं, जिनका उद्योग या समाज पर कोई ठोस प्रभाव नहीं होता।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा के लिए एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी दिशा प्रस्तुत करती है। इसका लक्ष्य 2035 तक उर्ईं को 50इ तक ले जाना और पूरे सिस्टम को पुनर्जीवित करना है। इसकी मुख्य दिशाएँ निम्नलिखित हैं:–

समग्र और बहु–विषयक शिक्षा: यह कला, विज्ञान और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बीच की कठोर सीमाओं को समाप्त करती है। यह छात्रों को अपनी रुचि के विषय चुनने की लचीलापन प्रदान करती है, जिससे ज्ञान का संकीर्ण दायरा टूटता है और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा मिलता है।

एकाधिक प्रवेश और निकास विकल्प : (श्ल्रूज्त हूँबेंगूं) यह छात्रों को पाठ्यक्रम के बीच में पढ़ाई छोड़ने और बाद में फिर से जुड़ने की सुविधा देती है। इससे पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्रों को अपनी शिक्षा का मूल्य मिलता है और लचीलापन बढ़ता है।

राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन : अनुसंधान और नवाचार को एक राष्ट्रीय ढाँचा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य देश भर में गुणवत्तापूर्ण शोध को वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है।

संस्थागत स्वायत्तता और विनियमन: नीति उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वायत्तता देने पर जोर देती है, जबकि उनके विनियमन के लिए एक एकल नियामक निकाय (पुपे्र्ल्रिैदह ण्दस्स्ेग्दह र्द घ्र्हे – र्ण्िंह) बनाने की बात करती है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

**दुर्दशा के मुख्य कारक और चुनौतियाँ**

ईं की स्पष्ट दिशा के बावजूद, उच्च शिक्षा की दुर्दशा के मूल कारण अभी भी व्याप्त हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती:

राजनीतिक हस्तक्षेप और प्रशासनिक अपारदर्शिता: कई विश्वविद्यालयों के प्रशासन में राजनीतिक दबाव और हस्तक्षेप उच्च शिक्षण संस्थानों की शैक्षिणक स्वतंत्रता को बाधित करता है।

रोजगारपरकता का संकट: हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली का सबसे बड़ा दोष यह है कि यह उद्योग की मांग के अनुरूप कुशल स्नातक तैयार नहीं कर पा रही है। उद्देश्यविहीन डिग्री के कारण शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी की विकट समस्या बनी हुई है।

कोचिंग संस्कृति का प्रदूषण: उच्च शिक्षा के प्रवेश और नौकरियों में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा ने कोचिंग सेंटरों की एक समानांतर 'शैडो एजुकेशन' अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है। यह संस्कृति छात्रों को वास्तविक ज्ञान से दूर कर केवल परीक्षा–केंद्रित रटंत पर मजबूर करती है।

अपर्याप्त सार्वजनिक निवेश: शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का 6इ खर्च करने का लक्ष्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। अपर्याप्त फंडिंग के कारण बुनियादी ढांचे, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं और डिजिटल संसाधनों की कमी बनी हुई है।

**क्षेत्रीय असमानता:** ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा तक पहुँच और गुणवत्ता शहरों के संस्थानों की तुलना में बहुत कमज़ोर है, जिससे समानता और समावेशन का लक्ष्य प्रभावित होता है।

**निष्कर्ष:** दुर्दशा से दिशा की ओर

भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली एक विशालकाय जहाज की तरह है जिसे नए बंदरगाह की ओर मुड़ना है। ईं 2020 इस जहाज की नई दिशा है, जो ज्ञान, कौशल और मूल्यों के त्रिवेणी संगम पर आधारित है।

वर्तमान दशा में विस्तार तो हुआ है, पर गुणवत्ता की दुर्दशा अभी भी गहराती खाई है। इस खाई को पाटने के लिए केवल नीति नहीं, बल्कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, सार्वजनिक निवेश में महत्वपूर्ण वृद्धि, और शिक्षक समुदाय के सशक्तिकरण की आवश्यकता है।

यदि हम अनुसंधान, स्वायत्तता और रोज़गारपरकता को उच्च शिक्षा का मूल मंत्र बना लें, और ईं 2020 को उसके वास्तविक विज़न के साथ लागू करें, तभी भारत सही मायने में वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने का अपना सपना साकार कर सकता है। यह समय डिग्री केंद्रित शिक्षा से कौशल और चरित्र केंद्रित शिक्षा की ओर निर्णायक बदलाव का है।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति, कानपुर एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय।**

## रावण का अट्टहास

**आज मैंने देखा सुबह से,**
**मेरे लोहे के कबाड़ से बने ढाँचे को।**
**खड़ा करके उसमें भरा जा रहा है कुछ विस्फोटक,**
**ताकि मैं जल जाऊं जड़ से और समाज में बुराइयों को भी जला जाऊं।।**
**तभी मेरे दशानन, दस दिशाओं में झांक के देख रहे हैं कौन है जिसमें मैं नहीं हूँ,**
**क्या उनको जलाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त होगा।**
**क्योंकि जिस ऊँचाई पे मुझे खड़ा किया गया है,**



**उमा व्यास**

**वहां से मैं देख सकता हूँ,**
**कितने रावण और कुंभकर्ण इसी भीड़ का हिस्सा बनके मुझे धुंआ होते देखना चाहते हैं।।**
**पर विभीषण ने किया था कर्त्तव्यपूर्ण,**
**राम हित में, प्रजा हित में और देशहित में।**
**पर कितने ऐसे देश को बेचने को आतुर भी यहीं मेरे सामने खड़े हैं,**
**कलुषित मन से न जाने कितनी सीताओं को अपहृत करने के इरादे से अड़े हैं।।**
**तभी मैं अपने चिर परिचित अंदाज में हंस पड़ता हूँ,**
**कितने रावण पैदा हो गए हैं।**
**इतने विकराल स्वरूप तो मेरे दसमौलि में भी नहीं,**
**इतने घातक हथियार तो मेरी बीस भुजाओं में भी नहीं।।**
**पर लगता है मनुष्य परपीड़क है,**
**वह मुझे जलता हुआ देखकर प्रसन्न होगा।**
**और मैं उसे देखकर स्तब्ध कि सही मायने में आज जरूरत है इस देश को राम की,**
**आज मैं स्वयं राम का आव्हान करता हूँ, तुम्हारी मूर्खता पे अट्टहास करता हूँ,**
**और मैं स्वयं राम के आदर्श का हृदय से पालन करता हूँ।।**
**मुझे तो तुमने हर वर्ष जला जला के, मेरे मन के रावण का तो कर दिया है वध।**
**पर तुमने उसी अंशों को खुद में कर लिया है उत्पन्न,**
**जिस दिन उसको कर सको भस्म,**
**तब यह अनुभूति करना कि तुमने दस शीशों को हरा के दशहरा मना लिया है।।**
**और तुम सबसे यह अरदास करता हूँ,**
**कि अगली बार जब तुम मुझे खूंटे के सहारे बांध के खड़ा करो,**
**तब देखना कि 'उमा' तुमने स्वयं में रचे–बसे रावण को मारा है**
**या तुम आ गई हो प्रतीकात्मक रावण जलाने,**
**राम की जगह मन में मुझे बसाने।।**

**–उमा व्यास,**
**काव्य रचनाकार कोटा।**

## राशिफल शुक्रवार 3 अक्टूबर, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, श्रवण नक्षत्र प्रात: 9:34 तक, धृति योग रात्रि 9:46 तक, वणिज करण प्रात: 6:52 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–मिथुन, शुक्र–सिंह, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिदि और कुमार योग सूर्योदय से प्रात: 9:14 तक है। रवियोग दिन 9:34 तक है। राजयोग सायं 6:34 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रात: 6:52 से सायं 6:34 तक रहेगी। आज पापाकुशा एकादशी व्रत है। पंचक रात्रि 9:28 से आरम्भ होंगे।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:52 तक, लाभ–अमृत 7:52 से 10:48 तक, शुभ 12:16 से 3:44 तक, चर 4:40 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:08




**मेष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**मिथुन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



**कर्क**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




**सिंह**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कन्या**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।



**तुला**

परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है, महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**

घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।



**धनु**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**मकर**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मीन**

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**सार-समाचार**

## कृषि महाविद्यालय में गाँधी-शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि गाँधी के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता के सिद्धांत सार्वभौमिक और सर्वकालीन हैं। उन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अहिंसात्मक सत्यागृह अपनाकर अंठोजी सत्ता के खिलाफ आन्दोलन का नेतृत्व किया और देश को स्वतंत्रता दिलाई। महात्मा गाँधी ने दलित व महिला उत्थान के लिए काम किया तथा लघु उद्योगों के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने की वकालत की। गाँधी द्वारा चलाये गये असहयोग व भारत छोडो आन्दोलनों ने अंठोजी सत्ता को उखाड़ फेंका। डॉ. मोहित कुमार ने कहा कि महात्मा गाँधी ने भारत में रामराज्य स्थापित करने का सपना देखा तथा ईश्वर अल्लाह तेरे नाम प्रार्थना के माध्यम से हिन्दु-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। डॉ. एस.एल. यादव ने लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शास्त्री ने ष्जय जवान जय किसानष् का नारा देकर जवान और किसान का गौरव स्थापित किया। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि शास्त्री गरीब परिवार में जन्म लेकर अपनी प्रतिभा और संघर्षशीलता से प्रधान मंत्री पद तक पहुँचे। रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेकर रेल मंत्री पद इस्तीफा देना उनकी नैतिकता का प्रतीक है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर में सेवा सप्ताह कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर की ओर से आयोजित बीओडी बैठक में सेवा सप्ताह को लेकर किए जाने वाले कार्यों पर निर्णय लिए गए। लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने बताया की 4 से 12 अक्टूबर तक होने वाले साप्ताहिक सेवा कार्यों में क्लब के सभी लायन साथी बढ़-चढ़कर भाग लेवें।यह एक ऐसा अवसर है जिसमें सभी लायन सदस्य तन-मन-धन से सेवा करते हुए अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों से ही जीवन सफल एवं सकारात्मक होता है।लायंस क्लब एक ऐसा संगठन है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।इस अवसर पर डॉ.गुप्ता ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आधारित सेवा सप्ताह के तहत भावनात्मक,मानसिक और सामाजिक कल्याण पर जागरूकता अभियान,कैंसर एवं मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम,पशु एवं पक्षी सेवा दिवस,योग एवं ध्यान के माध्यम से तनाव एवं चिंता से मुक्ति,श्एक साथ हमश् थीम पर आधारित पीस पोस्टर प्रतियोगिता,जरुरत मंदों के लिए अन्नपूर्णा भोजन वितरण प्रसादी,विशेष सक्षम व्यक्तियों की सहायता आदि कार्यक्रम क्लब के माध्यम से आयोजित किए जायेंगे।उन्होंने बताया कि सेवा सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के लिए स्थान एवं संयोजक नियुक्त कर दिए हैं। संयोजकों में पीएमजेएफ लायन प्रेमपाल सिंह,एमजेएफ लायन प्रवीण फौजदार,लायन डॉ.अशोक कुमार गुप्ता,लायन रूपेंद्र चौधरी,लायन संजय खंडेलवाल,लायन अशोक तांबी,लायन अजय मंघा,लायन प्रमोद खंडेलवाल,लायन रामवीर डागुर,लायन के.पी.सिंह,लायन प्रमोद सिंह,लायन राजकुमार फौजदार,लायन डॉ.मगन प्रसाद,लायन जीतेश पटेल,लायन दीपक गोयल,लायन ज्ञान सिंह,लायन अनिल अरोड़ा को कार्यक्रम की सफलता हेतु संयोजक बनाए हैं।इसी तरह इस माह के अंत में दीपावली मिलन समारोह दीपोत्सव-2025 कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।सेवा सप्ताह के मुख्य संयोजक संस्थापक अध्यक्ष लायन रमेश चंद सिंघल ने इस अवसर पर कहा कि अपने जीवन में सेवा कार्य अवश्य करना चाहिए। सेवा ही जीवन की सफलता है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में लायन कमल कपूर,लायन मोहन मंगलानी,लायन प्रमोद शर्मा,लायन कोमल सिंह आदि लायन सदस्य उपस्थित थे।

## गांधीजी की प्रतिमा पर जिला कलक्टर ने किया माल्यार्पण

**करौली( निंसं. )।** अहिंसा के पुजारी राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने माल्यार्पण कर श्रद्वांजली अर्पित की एवं सूत की माला पहनाकर श्रद्वांजली सभा का शुभारंभ किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के दौरान गांधी के विचारों एवं आदर्शों को स्मरण किया गया। सर्वधर्म सभा में गांधीजी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए, धर्म वो हि एक सच्चा एवं रामधुन का भी गायन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इसके अलावा समस्त उपखंड स्तर, कॉलेज एवं स्कूलों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर नमन किया गया। मंच संचालन व्याख्याता अमित कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक बबलू शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, गांधी दर्शन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, एनसीसी, स्काउट गाईड, स्कूलों के छात्र-छात्राऐं एवं सर्वसमाज के आमजन उपस्थित रहे।

## निलंबित सरपंच को किया बहाल

**करौली ( निंसं. ) ।** निलंबित रतियापुरा ठााम पंचायत सरपंच गीता बाई मीणा को सरपंच पद पर बहाल कर दिया गया है। ज्ञात रहे की गीता बाई मीणा ग्राम पंचायत सरपंच रतियापुरा पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के विकास कार्यों में की गई अनियमितताओं से से संबंधित संभागीय आयुक्त भरतपुर से प्राप्त जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर सरकार द्वारा मई 2025 में सरपंच पद से निलंबित कर दिया गया था जिस मामले में रतियापुरा सरपंच गीता बाई मीणा ने सरकार को प्रार्थना पत्र पेश कर पुन: जांच करने की मांग की गई जिस प्रार्थना पत्र पर सरकार द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्ट एवं पत्र आदि का अवलोकन करने के उपरांत निलंबित सरपंच की जांच विचाराधीन रखते हुए गीताबाई मीणा को सरपंच पद पर बहाल किए जाने का भी विनिश्चय किया गया और सरकार द्वारा लिए गए विनिश्चय के क्रम में निर्देशानुसार ठाामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उपसचिव त्रिलोकचंद मीणा के द्वारा ठााम पंचायत रतियापुरा पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली की सरपंच गीताबाई मीणा को सरपंच पद पर बहाल करने के आदेश जारी किए।

## जसवंत मेला प्रदर्शनी मेला में रावण के पुतले का दहन

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर में चल रही श्री जसवंत मेला प्रदर्शनी मेला में दशहरा के अवसर पर 52 फीट के रावण, 41 फीट के कुंभकरण, 35 फीट के मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी के रहने वाले साबू फारुखी और उनकी टीम ने रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को तैयार किया। साबू फारुखी की चार पीढ़ी भरतपुर में तीनों के पुतले बनाते आ रहीं हैं। इस बार तीनों के पुतलों में करीब 1 लाख रुपए की आतिशबाजी लगाई गई है। पशुपालन विभाग की ओर से रावण दहन से पहले भगवान राम की शोभायात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होकर निकाली गई.हीरादास नुमाइश में रावण का पुतला बनाया गया शाम सात बजे जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह के द्वारा रावण दहन किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग रावण दहन देखने के लिए आए.

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**रूपवास।** कस्बे के स्टेशन रोड़ स्थित गांधी पार्क में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थानों पर सर्वधर्म समभाव प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। कस्बे के गांधी पार्क परिसर में विद्यार्थियों द्वारा उनका प्रिय भजन वैष्णव भजन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे और साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल सुना कर मन मोह लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के अथक प्रयासों से हिंदुस्तान को आजादी मिली है। सत्य और अहिंसा का मार्ग अपना कर उन्होंने राष्ट्र को आजाद कराया था। वर्तमान युग की पीढ़ी को उनके आदर्श एवं सिद्धांतों पर चलने की महती जरूरत है। साबरमती के संत ने एक सूत्र में भारत देश को बांध दिया था। विश्व के पटल पर आज उनके सिद्धांतों की पूजा की जाती है। इससे पहले प्रशासनिक अधिकारियों, कांठोस एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कलक्टर ने अर्पित की पुष्पांजलि

- गांधी पार्क में सर्व धर्म सभा आयोजित
- जिला कलक्टर ने कहा कि अपने दैनिक जीवन में गांधी जी के आदर्श सत्य एवं अहिंसा को अपनाना चाहिए

**भरतपुर ( निस )।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को गांधी पार्क में हुआ। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने गांधीजी और शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी ने दोनों महापुरूषों को याद करते हुए उनके विचारों को अपनाकर देश की उन्नित में भागीदार बनने का संकल्प लिया।

जिला कलक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के बताएं मार्ग पर चलते हुए जीवन में सत्य अहिंसा को अपनाने तथा स्वच्छता के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि अपने दैनिक जीवन में गांधी जी के आदर्श सत्य एवं अहिंसा को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अहिंसा के पथ पर चलना चाहिए, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द एवं भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधीजी एवं शास्त्री जी के सिद्धांत और आदर्शों को युवा पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे', रघुपति राघव राजाराम, तू ही राम है, हे राम हे राम, 'दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल', 'साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल' हर देश में तू एवं 'धर्म वो ही एक सच्चा' गुरु महिमा, नाम धुन गीत एवं शांति पाठ,प्रार्थना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संयुक्त निदेशक श्याम सुंदर शर्मा, सीडब्लूसी अध्यक्ष राजाराम भूतोली, सीओ भारत स्काउट और गाइड देवेंद्र कुमार, चुन्नी कप्तान, योगेश सिंगल, भगवान कटारा, रमेश पाठक, धर्मेंद्र शर्मा ,मनोज शर्मा , रमेश धाबाई और स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित की।

**सूचना केन्द्र पर सर्व धर्म सभा का आयोजन:** महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय भरतपुर स्थित सूचना केंद्र पर सर्व धर्म सभा कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना 'तू ही राम है तू रहीम है तू करीम कृष्ण खुदा हुआ' से किया गया। गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' का एवं रामधुनी का प्रस्तुतीकरण भी किया गया तथा परंपरागत तरीके से प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश में अछूत उद्धार के साथ जनमानस को सफाई का महत्व भी बताया। गांधीजी कहते थे स्वच्छता आज़ादी से ज्यादा ज़रूरी है, उन्होंने स्वच्छता और सफाई को गांधीवादी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाया। उनका सपना था सभी के लिए संपूर्ण स्वच्छता तथा शारीरिक तंदुरुस्ती और स्वस्थ वातावरण के लिए सफाई सबसे ज़रूरी है। इसलिए भारत सरकार ने सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान में भी गांधीजी के विचारों को आगे बढाने का कार्य किया है। गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती हमें याद दिलाती है कि उनके विचारों और उनके दिखाए गए मार्ग को अपनाकर हम क्या कुछ हासिल कर सकते हैं।

गांधी के सिद्धांत अपनाकर हम न केवल एक बेहतर व्यक्ति बन सकते हैं, बल्कि अपने समाज और देश को भी आगे बढ़ा सकते हैं। दैनिक जीवन में नियमित सफाई अपनायें, अहिंसा एवं सत्य का अनुसरण करें तथा समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की किस प्रकार भलाई कर सकते हैं इस सोच के साथ देश के विकास में भागीदारी बने।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, उपनिदेशक लोकसेवा भारती भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, गांधीवादी, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोगों की भागीदारी रही।

# कठपुतली शो व जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**करौली** (निंसं.)। वन विभाग के तत्वावधान में वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ 2 अक्टूबर को रेंज कैलादेवी अंतर्गत किया गया। यह आयोजन उपवन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक,रणथंभौर टाइगर रिजर्व (द्वितीय), करौली के निर्देशन में तथा संजय कुमार मीणा, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर, कैलादेवी के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूली बच्चों को वन्यजीव संरक्षण की शपथ दिलाई गई जिसमें उन्हें वन्यजीवों की रक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया।इसके उपरांत स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं, वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के प्रतिनिधियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण, उनके महत्व और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व जैसे विषयों पर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

रैली के उपरांत बच्चों को जंगल भ्रमण पर ले जाकर जैव विविधता,पर्यावरणीय संतुलन और वन्यजीवों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को पारंपरिक कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से भी वन्यजीव संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम कैलादेवी की ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीर सिंह एवं सदस्य कमल सिंह की सक्रिय भागीदारी रही। दोनों ने ग्रामीणों से संवाद कर वन संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। सायंकाल स्थानीय ग्रामीणों के साथ मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व विषयक एक संवादात्मक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्हें यह बताया गया कि वन्यजीवों के साथ संघर्ष से बचते हुए किस प्रकार सामंजस्यपूर्ण जीवन जीया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विस्थापन के महत्व पर भी चर्चा की, ताकि वन क्षेत्र के अत्यधिक संवेदनशील इलाकों में निवास कर रहे ठाामीणों को सुरक्षित और बेहतर जीवन उपलब्ध कराया जा सके। अधिकारियों द्वारा बताया कि विस्थापन न केवल वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की बेहतर सुविधाएँ भी मिल सकती हैं।वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विविध गतिविधियाँ जैसे चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

## आज निकाली जाएगी कलश व विसर्जन यात्रा

**करौली( निंसं. )।** मां करणपुर (गुमानो मां) दीपदान सेवा समिति करौली की ओर से नवरात्रा के अवसर पर पुरानी नगर पालिका के सामने यात्री निवास में करणपुर वाली गुमानो माता की हस्त निर्मित प्रतिमाओं की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा- अर्चना कर बड़ी धूमधाम के साथ धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भगवत जागरणों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हरी तमोली (काका) महेश उपाध्याय, आकाश भगत, सत्य नारायण मंगल, सुमित गर्ग आदि ने बताया कि आज 3 अक्टूबर को माता की विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इससे पूर्व मंदिर परिसर से प्रात: 8:00 बजे माता की प्रतिमाओं को रथ में सजाकर विशाल कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गणेश गेट तक निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने साथ कलश नहीं लाएं कलश समिति की ओर से दिया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में सीजन की तैयारी पूरी

- उद्यान में साफ-सफाई, गुल्फ कार्ट और वोटों की हुई मरम्मत
- उद्यान निदेशक मानस सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर से मार्च माह तक केवलादेव में पक्षियों का सीजन होता है

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर में पक्षियों के स्वर्ग के नाम से देश विदेशो में मशहूर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में सीजन को देखते हुए तैयारी कर ली गई है. प्रशासन के द्वारा उद्यान में साफ सफाई, गुल्फ कार्ट व वोट की मरम्मत की जा चुकी है. दिवाली बाद से मार्च के अंत घना में देशी विदेशी पर्यटकों के आगमन तक सीजन रहता है. हालांकि उद्यान में देशी विदेशी पक्षियों का पहुंचना शुरू हो गया है. इस बार उद्यान में में पर्यटकों की भीड़ अधिक जुटने की उम्मीद है क्योंकि मानसूनी बारिश के चलते पांचना बांध का पानी उद्यान को मिलने से सभी ब्लॉक लबालब है.मछली के रूप में पक्षियों के लिए भरपूर मात्रा में भोजन भी आया है.इसके अलावा गाइड की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।

उद्यान निदेशक मानस सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर से मार्च माह तक केवलादेव में पक्षियों का सीजन होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी कर ली गई है. नावों की मरम्मत करने के साथ रंग-रोगन कर जीवन रक्षक उपकरणों के साथ तैयार किया गया है।

पर्यटक पूरी सुविधा के साथ इस सफर का आनंद ले सकेंगे। मानस सिंह ने बताया कि इस बार पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो प्रकार की नावें उपलब्ध कराई जा रही हैं, चार सीटर और आठ सीटर. चार सीटर नाव में सवारी का शुल्क 300 रुपए है, जबकि आठ सीटर नाव का शुल्क 600 रुपए तय किया गया है. इसके अलावा उद्यान की साफ सफाई करा दी गई है। दिवाली के बाद से देशी-विदेशी पक्षियों की आवक से उद्यान गुलजार हो जाएगा । यहां 366 प्रजातियों के पक्षियों की आवक रिकॉर्ड की जा चुकी है। यहां पक्षियों के कलरव का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक भरतपुर पहुंचते हैं.दिसंबर में सर्दी बढ़ने के बाद पक्षियों की आवक पूरी चरम पर होती है। हजारों की संख्या में दुर्लभ प्रजाति के स्थानीय और प्रवासी पक्षी पाए जाते हैं। यहां साईबेरिया, मंगोलिया, यूरोफ, दक्षिण अफ्रीका से पक्षी सर्दियों के मौसम में आते हैं। इसके साथ ही हजारों की संख्या में दुर्लभ प्रजाति के स्थानीय और प्रवासी पक्षी पाए जाते हैं। पिछले सालों से मानसूनी बारिश के चलते पांचना बांध का पानी भरतपुर उद्यान में आने के चलते पूरे ब्लॉक लबालब होने से पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है.इस बार भी उम्मीद है कि पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचेंगे.जो पक्षी पानी नहीं होने के चलते उद्यान के बाद कॉलोनी बनाते थे वह पिछली साल से उद्यान में ही नेस्टिंग कर रहे हैं.पांचना के पानी में पक्षियों के लिए मछली और वनस्पति के रूप में भोजन की प्राप्ति होती है.इसलिए उद्यान में पूरे सीजन पक्षियों की गूंज सुनाई देती है. पिछली साल पर्यटकों के लिए गाइड की अनिवार्यता थी.लेकिन इस बाद इस अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है. जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो पर्यटक गाइड की अनिवार्यता के चलते बिना देखे वापस चले जाते थे अब ऐसा देखने को नहीं मिलेगा।

# भरतपुर स्थित नई मण्डी प्रांगण में हुआ रावण दहन

**भरतपुर( निस )।** श्रीरामलीला समिति एवं श्री अग्रसेन शोभायात्रा समिति भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव में शहर की प्राचीन शताधिक रामलीला के अंतर्गत गुरूवार को नई मण्डी प्रांगण में कुंभकरण, मेघनाद व रावण वध लीला का मंचन किया गया व रावण पुतला का दहन किया गया। वैध सुषेण द्वारा लक्ष्मण का संजीवनी बूटी से उपचार कर स्वस्थ कर दिये जाने की सुनकर व्याकुल रावण अपने भाई कुंभकरण को जगाकर उसे सीताहरण, विभीषण को लंका से निकालने की जानकारी देकर व मांस मदिरा पान कराकर श्रीराम से युद्ध करने भेज देता है।

रणभूमि में भाई विभीषण को राम भक्त जानकर हृदय से लगा लेता है। वह वानर सेना से घनघोर युद्ध करता है जिससे बानर सेना में भागमभाग मच जाती है। इस पर प्रभु श्रीराम अपने वाणों से प्रहार कर कुंभकरण के टुकडे-टुकडे कर उसका वध कर देते हैं। ऐसा सुनकर रावण मेघनाद को रण में भेजता है। मेघनाद माया रथ पर सवार होकर मायावी प्रपंच कर हनुमान, अंगद व लक्ष्मण के शरीर पर वाणों की वर्षा कर त्रस्त कर देता है। श्रीरामजी लक्ष्मण को उनके रूप को याद दिलाकर मेघनाद से लडने भेज देते हैं। दोनों में भंयकर युद्ध होता है अन्त में लक्ष्मण श्रीराम जी का सुमरन कर वाण छोडकर मेघनाद का बध कर देते हैं।

कुंभकरण व मेघनाद का बध होने पर रावण विलापित मंदोदरी को समझाकर युद्ध के लिए रणभूमि में चल देता है रास्ते में बहुत से अपशकुनों को न गिनकर वह अपनी चतुरंगिनी राक्षसी सेना के साथ घनघोर युद्ध करने लगता है। युद्ध में प्रभु श्रीराम को बिना रथ के देखकर देवराज इन्द्र अपना रथ भेजते हैं व देवगण रावण का शीघ्र वध करने की प्रार्थना करते हैं। दोनों में भंयकर युद्ध होता है। अन्त में प्रभु श्रीराम अपने धनुष से रावण पर एक साथ इकत्तीस वाणों की वर्षा करते हैं। एक वाण रावण के अमृत कुण्ड को सोख लेता है व अन्य वाणों से उसके 10 शीशों व शरीर के टुकडे-2 कर उसका वध कर देते हैं। तदुपरांत 55 फुट के खडे रावण का दहन किया गया।

रावण वध की इस लीला का पूर्व विधायक विजय बंसल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, एडीएम सिटी राहुल सैनी, भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजन हुआ। लीला स्थल पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष बृजेश कौशिक, उपाध्यक्ष मोहनलाल मित्तल, मदनमोहन गुप्ता, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता, हरिओम शर्मा, करण शर्मा, विष्णु लोहिया, विनोद सिंघल, महेश सिंघल, ओमप्रकाश शर्मा, सुरेश बंसल, रेणुदीप गौड, बैंक प्रबन्धक सतीश मित्तल, बैंक मैनेजर अभिषेक गुप्ता, मुकेश माहेश्वरी, कृष्ण कुमार किस्सू, नई मण्डी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, प्रकाशचंद गुप्ता, अमित गोयल आदि के साथ भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

## वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में गाँधी-शास्त्री जयंती मनाई गई

**भरतपुर ( निस )।** महात्मा गाँधी के जयंती के अवसर पर गुरुवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजली अर्पित कर हुआ इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया द्य उपस्थित लोगो ने दोनो महापुरुषों को नमन किया और उनके विचारो और आदर्शो को आत्मशात करने का संकल्प किया द्य निदेशक डॉ जे.के. शर्मा के नेतृत्व में कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया द्य निदेशक डॉ. जे. के. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाँधी के सत्य अहिंसा और स्वराज के सिद्धांतो पर प्रकाश डाला उन्होंने ने कहा कि गाँधी जी ने न केवल स्वंत्रता संठााम को नया आयाम दिया बल्कि ठााम स्वराज आत्म निर्भरता और स्वच्छता का जो सन्देश दिया , वह आज भी समाज में प्रासंगिक है। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सार-समाचार**

## जिला कांग्रेस ने धूमधाम से मनाई गाँधी-शास्त्री जयंती

**भरतपुर ( निस )।** जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि सर्वप्रथम गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को दूध, गंगाजल एवं इत्र से नहलाया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने बापूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने गांधी जी के बचन एवं सिद्धांतों को सुनाया, जिसे उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा दोहराया गया। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए एवं रघुपति राघव राजा राम भी सुनाए गए। इसके बाद अनाह गेट शास्त्री पार्क में भी स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराकर चंदन लगाकर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर साहब सिंह चौधरी एवं धर्मेंद्र शर्मा सहित कई वक्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए शास्त्री जी द्वारा देश के नवनिर्माण एवं देश हित में किए गए कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन चुन्नी कप्तान ने तथा अंत में संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद भूरी सिंह व्यायामशाला पर भी पूज्य महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीरों पर भी कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। उक्त तीनों कार्यक्रमों में दयाचंद पचौरी, भगवान कटारा, रमेश धावई,मनोज शर्मा, राजेंद्र सारस्वत,रमेश पाठक, हरिमोहन शर्मा, मुकेश जाटव पार्षद, प्रेम प्रजापत,सुरेश पदयात्री,चंद्रभान फौजदार, चंद्रकांत शर्मा,किशन जयसवाल, अवधेश शर्मा, संजय चंदेला,शहीद खान, जीवनलाल शर्मा, खादी समिति के राजेंद्र शर्मा एवं दाऊदयाल सिंघल सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शरद पूर्णिमा पर होगा खीर प्रसाद का वितरण

**करौली ( निंसं. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधा मदन मोहन जी मंदिर में शयन आरती भक्त मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को खीर प्रसादी वितरण एवं सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि राधा मदन मोहन शयन भक्त मंडल के सदस्य जयंत शर्मा (जॉन्टी) और लक्की काका ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शयन आरती भक्त मंडल द्वारा संध्या आरती से शयन आरती तक खीर प्रसादी का वितरण मदन मोहन जी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा ,साथ ही इस वर्ष राधा मदन मोहन शयन भक्त मंडल के तत्वाधान में सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें शिव प्रसाद शास्त्री एवं अन्य द्वारा सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा,मंडल के सदस्य जयंत शर्मा ने सभी मदन मोहन भक्तों और श्रदालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुंदरकांड पाठ में और प्रसादी प्राप्त करने की अपील की है।

## दर्जनभर झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

**जुरहरा, भरतपुर ( निस )।** जुरहरा, क़स्बे में चल रहे 173 वें रामलीला महोत्सव के तहत गुरुवार को दशहरा मेले पर रावण दहन किया गया जिससे पहले क़स्बे में दर्जनभर झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पुराने रामलीला मैदान से शुरू होकर पुरानी पुलिस चौकी, चौपड़ा बाजार, मैन बाजार, बस स्टैंड होते हुए अस्थाई दशहरा मैदान पहुंची। इस बार दशहरा मेला शोभायात्रा में शामिल राया की नपीरी, शहनाई वादन ने मेले में चार चांद लगा दिए। दशहरा मैदान पर राम-रावण युद्व की लीला का मंचन किया गया। जहां भगवान राम के द्वारा न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार पर, धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय के रूप में बुराई के प्रतीक रावण का अंत किया गया। गौरतलब है कि क़स्बे में इस बार 60 फ़ीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया जिसकी ऊंचाई जिले में सबसे ऊंची रही। मेले में जुरहरा कस्बा सहित ठाामीणांचल से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इससे पूर्व बुधवार की रात्रि को रामलीला मंच पर लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया गया। लक्ष्मण शक्ति की लीला में रावण-मंदोदरी संवाद, मेघनाथ वध, कुम्भकर्ण वध, अहिरावण वध व कालनेम प्रसंग की लीला का मंचन किया गया। रावण का अभिनय नरेश शर्मा, मंदोदरी का अभिनय अखिल वशिष्ठ, मेघनाद का अभिनय महेश तिवारी, कुम्भकर्ण का अभिनय सौनू प्रजापति, अहिरावण का अभिनय लीलाधर गुसाईं, हनुमानजी का अभिनय विष्णु शर्मा, विभीषण का अभिनय डॉ सोहनलाल शर्मा, अंगद का अभिनय कुंजबिहारी जांगिड़, कालनेम का अभिनय तनुज शर्मा व मंत्री का अभिनय केके शर्मा के द्वारा किया गया।

## भजनों से अंजनी माता की आराधना, लांगुरिया गीतों से श्रद्धालुओं को रिझाया

**करौली** (निंसं.)। जादौन सेवा समिति हैदराबाद के तत्वावधान में बुधवार रात को अंजनी माता मंदिर परिसर पर भगवती जागरण कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें रात भर एक से बढ़कर एक भजन गायक कलाकारों ने समा बांधे रखा। वहीं अंजनी माता के जयकारों से माहौल धर्ममय हो गया। इस अवसर पर जादौन सेवा समिति के अध्यक्ष हेमराज सिंह जादौन ने बताया कि समिति की ओर से अंजनी माता के दरबार में 9वीं पदयात्रा, भंडारे व बीती रात्रि को विशाल देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान सहित कई राज्यों से आए भजन गायक कलाकारों ने माता की भजन, लांगुरिया और भेंटों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अंजनी माता की आरती के साथ गणेश वंदना व वीर बजरंगी की गाथा सुनाते हुए किया। इसके बाद मोहना ग्वालियर से आई भजन गायिका ज्योति पाल ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरी मैया पधारी हैं, भजन सुनाया तो लोग झूमने नाचने पर मजबूर हो गए। इसके अलावा उन्होंने जिस भजन में मां का नाम नहीं उस भजन को गाना ना चाहिए, अंजनी मां के दर पर कमाल हो गया यहां जो भी आया मालामाल हो गया। आगरा के ब्रजराज सिंह लक्खा ने कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम मेरी राम जी कह देना जय सियाराम, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवाना, पलवल हरियाणा से आई संध्या चौधरी ने शेर पर सवार होकर आई महा माई रे के अलावा कई अन्य लांगुरिया गीत और माता की भेंट प्रस्तुत की। जयपुर के हितेश रंग रसिया सहित अन्य गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक माता के भजन- लांगुरिया गाते हुए लोगों से जमकर तालियां बटोरी व उन्हें झूमने ओर नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं तारा रानी की कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान रंगीन आतिशबाजी करने के साथ मंदिर परिसर को सुगंधित पुष्पों और रोशनी से सजाया गया ।

## ढोल-नगाड़ों व बैंडबाजों के साथ सेवानिवृत्त हेडकांस्टेबल का स्वागत

**रूपवास ( निसं )।** गांव सिरसोन्दा निवासी हेडकांस्टेबल भरतसिंह के अलवर से सेवानिवृत्ति के बाद शहर आगमन पर सर्वसमाज के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। गांधी पार्क के पास आयोजित स्वागत समारोह में शिक्षाविद गोविंद सिंह परमार, ब्रजेन्द्र सिंह रत्नावत, डब्बू बंसल, हरवंश कौशल, नरेंद्र परमार, अमरनाथ रघुवंशी, हरिओम बघेल, शैलू मैनेजर, बलवीर चौधरी, उम्मेदसिंह, बंटी परमार, नेपाल सिंह, सुरेश कुशवाह, रामवीर सिंह, रामावतार भाटी, अलवेंद्र सिंह, विजय सिंह, राजू सिकरवार, रवि कुशवाह सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे। सर्वसमाज के लोगों ने भरतसिंह को माला पहनाकर, साफा बांधकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

राजस्थान सरकार
प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर खण्ड भरतपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 82 स 2025 (17)

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मनीष कुमार खण्डेलवाल पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद मैसर्स गंगाधर भगवान सहाय पुरानी अनाज मंडी गंगापुरसिटी जिला सवाईमाधोपुर (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री कोठी वाले बालाजी मंदिर विकास समिति ट्रस्ट तहसील बामनवास (गंगापुरसिटी) जिला सवाईमाधोपुर (राज.) प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 30.09.2025 है।

मोहर अदालत


(मुकेश कुमार मीणा)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग भरतपुर

# भरतपुर के गांव लुहासा में कफ सिरप के सेवन से एक बच्चे की और मौत

## खांसी-जुखाम की शिकायत पर परिजनों ने दो बच्चों को वैर उपजिला अस्पताल में दिखाया था

**भरतपुर,** (निसं)। प्रदेश में खांसी की सिरप जानलेवा साबित हुई है। भरतपुर में इसी खांसी सिरप से एक बच्चे की मौत का और मामला सामने आया है। परिजनों का दावा है कि इसी सिरप से बच्चे की मौत हुई है।

गांव लुहासा निवासी निहाल सिंह ने बताया कि मेरे दो बच्चे थे। बड़ा बेटा थान सिंह लगभग दो साल और छोटा बच्चा तीर्थराज जिसकी उम्र दो साल थी, जिन्हें 23 सितंबर को खांसी-जुखाम की शिकायत थी। दोनों को सुबह 11 बजे के आसपास वैर के उपजिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक बबलू मुद्गल को दिखाया, जिन्होंने दवाई लिखने के साथ सीरप लिखी। घर 12 बजे आकर छोटे बच्चे तीर्थराज को एक ढक्कन सीरप पिला दी। उसके बाद बच्चा सो गया। उन्होंने सोचा कि बच्चा सो रहा होगा, लेकिन चार घंटे बाद जब होश नहीं आया तो



**भरतपुर के गांव गांव लुहासा में बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।**

परिजन बच्चे को लेकर उपजिला अस्पताल वैर पहुंचे। चिकित्सक डॉक्टर बबलू मुद्गल मिले, जिन्हें बताया कि आपके द्वारा जो सीरप दी गई है, उसी से तबीयत खराब हुई है। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जनाना अस्पताल भरतपुर रैफर किया, जहां बच्चे को भर्ती किया।

- **चिकित्सक ने दवाई लिखने के साथ सीरप लिखी और घर आकर छोटे बच्चे को एक ढक्कन सीरप पिलाई थी**
- **होश नहीं आने पर परिजन बच्चे को लेकर उपजिला अस्पताल वैर पहुंचे, चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जनाना अस्पताल भरतपुर रैफर किया**
- **इसके बाद भी बच्चे को होश नहीं आने पर 24 सितंबर को जयपुर जेके लोन अस्पताल भेजा, 27 सितम्बर को बच्चे को मृत घोषित कर दिया था**

बच्चे को होश नहीं आने पर 24 सितंबर शाम तीन बजे जयपुर जेके लोन में रैफर किया, जहां बच्चे को भर्ती कराया। बच्चे को होश नहीं आया और चिकित्सकों ने 27 सितंबर को सुबह चार बजे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद बच्चे का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया। उसके बाद बयाना में सीरप का मामला सामने आने के बाद परिजनों को जानकारी मिली कि यही सिरप बच्चे को दी थी। इसी से उनके बच्चे की मौत हुई है। उसके बाद उन्होंने चिकित्सक को अवगत करा दिया है।

# जल उपभोक्ता संगम के पूर्व अध्यक्ष पर गबन का आरोप

## फर्जी बिल बनाकर राजकोष को लाखों का चूना लगाया, रिकॉर्ड में फर्जी एंट्री मिली

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अनूपगढ़ के उदासर माइनर जल उपभोक्ता संगम के पूर्व अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगे हैं। वर्तमान अध्यक्ष ने उन पर फर्जी बिल और दस्तावेजों के जरिए राजकोष से लाखों रुपए के गबन करने का आरोप लगाया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

एसीजेएम कोर्ट, अनूपगढ़ में दी शिकायत में जगदीश राम (46) निवासी ढाणी (श्रीविजयनगर) ने बताया कि वे जुलाई 2022 में जल उपभोक्ता संगम, उदासर माइनर-57 के अध्यक्ष बने। जब उन्होंने कैशबुक की जांच की तो उसमें जेसीबी से नहर सफाई के नाम पर कई फर्जी एंट्रीज मिलीं। 2017 से 2021 तक की कैशबुक में 8 हजार से 9600 रुपए तक की कई एंट्रीज दर्ज हैं, लेकिन न तो जेसीबी मालिक का कोई विवरण है और न ही ड्राइवर या मशीन का कोई रिकॉर्ड। इतना ही नहीं, कुछ एंट्रीज तो पेंसिल से लिखी गईं, जो नियमों के खिलाफ है।

- **वर्तमान अध्यक्ष ने फर्जी बिल और दस्तावेजों के जरिए राजकोष से लाखों रुपए के गबन करने का आरोप लगाया**

जगदीश ने बताया कि जब उन्होंने पूर्व अध्यक्ष बग्गा सिंह से इन बिलों का हिसाब मांगा, तो बग्गा सिंह ने कहा कि मैंने राजकोष की ठगी मारनी थी, जो मार ली। नहर की सफाई नहीं करवाई, न जेसीबी लगाई, न कोई पेमेंट दी। जगदीश ने अपने उच्चाधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी। जिसके बाद जगदीश ने रामसिंहपुर थाने और एसपी श्रीगंगानगर को शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार, उन्होंने अनूपगढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट में शिकायत दी। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल मनरूप सिंह कर रहे हैं।

# ट्रक कंटेनर से 20 लाख की शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

## पेपर रोल की आड़ में हरियाणा की शराब अवैध रूप से गुजरात ले जाई जा रही थी




**आबकारी निरोधक दल ने अवैध शराब जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया।**

**उदयपुर,** (निसं)। आबकारी निरोधक दल खेरवाड़ा ने उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाइवे-48 पर खरबर क्षेत्र में नाकाबंदी कर ट्रक कंटेनर की तलाशी लेकर 225 कार्टन में हरियाणा में विक्रय योग्य अंग्रेजी शराब की जब्त की। जब्त शराब की अनुमानित लागत 20 लाख रूपए है।

आबकारी निरीक्षक वृत खेरवाड़ा जितेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि मुखबीर से प्राप्त गुप्त सूचना पर उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाइवे पर खरबर क्षेत्र में नाकाबंदी कर ट्रक कंटेनर की तलाशी ली गई। इस कंटेनर में पेपर रोल की आड़ में हरियाणा निर्मित विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 225 कार्टन जब्त किए गए।

उक्त जब्त शराब की अनुमानित कीमत 20 लाख रूपए है। आबकारी निरीक्षक वृत खेरवाड़ा जितेन्द्र सिंह राठौड की इस कार्रवाई में अहम भूमिका रही। कंटेनर में पेपर रोल की आड़ में हरियाणा की शराब की गुजरात सप्लाई के लिए भेजा जा रहा था। मौके से ट्रक चालक सौराब जिला मेवात हरियाणा को शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं ट्रक कंटेनर को जब्त किया। इस संबंध में नियमानुसार अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

आबकारी निरोधक दल की अवैध शराब पर कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक वृत खेरवाड़ा जितेन्द्र सिंह राठौड़, राहुल शर्मा आबकारी वृत निरीक्षक डूंगरपुर, कैलाशचंद्र यादव प्रहराधिकारी खेरवाड़ा, लक्ष्मण सिंह झाला गार्ड, जमादार मांगीलाल, सिपाही शंकरलाल, मन्नालाल, बंशीलाल एवं ईपीएफ टीम खेरवाड़ा शामिल रहे।

# विदेश में कॉलेज एडमिशन के नाम पर ठगी, एक गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस ने विदेश में कॉलेज एडमिशन के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 13 जनवरी 2023 को परिवादी वीरेंद्र सिंह ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने पंजाब के अमृतसर में एक टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी का विज्ञापन देखा था, जो विदेश में पढ़ाई के लिए भेजती है। विज्ञापन देखकर वीरेंद्र सिंह अमृतसर गए, जहां उनकी मुलाकात पलविंदर सिंह और रुपिंदर कौर पत्नी हरचरणजीत सिंह, निवासी अमृतसर से हुई। इन दोनों ने उन्हें अजरबैजान के एक कॉलेज में एडमिशन दिलाने का भरोसा दिया और कहा कि कॉलेज की फीस वे खुद भरेंगे, बस उन्हें 3 लाख 65 हजार रुपए देने होंगे। परिवादी ने यह राशि नेट बैंकिंग के जरिए आरोपियों को भेज दी। आरोपियों ने वीरेंद्र सिंह को अजरबैजान भेज दिया, लेकिन उन्हें कॉलेज में एडमिशन नहीं मिला और उन्हें वापस भारत भेज दिया गया। भारत लौटने पर जब उन्होंने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद अनूपगढ़ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच एसआई सरदार सिंह मीणा को सौंपी। जांच शुरू होने पर दोनों आरोपी अपना ऑफिस छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने न्यायालय से वारंट जारी करवाकर उनकी तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद भी जब वे नहीं मिले, तो उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया और स्टैंडिंग वारंट जारी हुआ। पुलिस की विशेष टीम के कॉन्स्टेबल सतनाम सिंह और श्रवण कुमार ने भगोड़े आरोपी पलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

- **दो साल से फरार चल रहा था, अनूपगढ़ पुलिस ने पकड़ा**

# स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान अवैध मादक पदार्थ 21.37 ग्राम स्मैक सहित महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई के लिये पुलिस उप अधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान हार्ट रोड पर कार्रवाई करते हुए सब्जीमंडी निवासी द्रोपदी (60) के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 21.37 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान जारी है।

# मारपीट का बदला लेने के लिए युवक को चाकू मारा

## एक वर्ष पहले हुई मारपीट का बदला लेने के लिए युवक के पेट में चाकू घुसाया



**भीण्डर हॉस्पिटल में घायल दीपक का चिकित्सकों ने इलाज किया।**

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर के रावलीपोल चौक में गत रात्रि दो युवकों के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें एक युवक के पेट में चाकू लगने से गंभीर घायल हो गया। वहीं हॉस्पिटल में हमला करने वाले युवक के पिता का लट्ठ मारकर सिर फोड़ दिया। चाकू के हमले से घायल युवक को प्राथमिक उपचार करके उदयपुर रेफर किया, जहां उसकी स्थित नाजूक बनी हुई है। वहीं हमलावर के पिता के सिर पर चोट के बाद इलाज किया गया।

जानकारी के अनुसार भीण्डर के रावलीपोल चौक में रात करीब 11 बजे भीण्डर निवासी दीपक पिता राजू ओड़ (22) बाइक लेकर आ रहा था, इसी समय सामने से भीण्डर निवासी राहुल पिता नेतराम ओड़ (21) सहित तीन जने बाइक लेकर आये और पूरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों युवक आपस में झगड़ने लगे तभी राहुल ने चाकू से दीपक पर हमला कर दिया, जिससे दीपक के पेट व कान पर गंभीर चोंटे आई। जिससे दीपक गंभीर घायल हो गया। घायल दीपक को वहीं छोड़ करके बदमाश वहां से भाग छूटे। लोगों ने घायल दीपक को भीण्डर चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार करके उदयपुर के लिए रेफर किया।

- **हॉस्पिटल में हमला करने वाले युवक के पिता का लट्ठ मारकर सिर फोड़ दिया**

बदमाश राहुल के हमले से घायल हुए दीपक को हॉस्पिटल ले जाने की सूचना पर हमलावर के पिता नेतराम ओड़ भीण्डर हॉस्पिटल के बाहर पहुंचे तो वहां पर नेतराम ओड़ का भाई जगदीश और उसका लड़का राजू ने लड़के राहुल की करतूत पर उलहाना देते हुए नेतराम पर लट्ठ से हमला कर दिया, जिससे नेतराम ओड़ के सिर पर चोटें आई। भीण्डर पुलिस थाने में घायल दीपक ओड़ के अंकल अर्जुन पिता माधु ओड़ ने रिपोर्ट दी, जिसमें दीपक पर हमला करने वालों में मुख्य आरोपी राहुल पिता नेतराम ओड़, भूरिया पिता शंकर ओड़, उदेश पिता पप्पू ओड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुरूवार रात को तीनों आरोपियों को डिटेन कर लिया। गत रात्रि करीब 11.15 बजे भीण्डर हॉस्पिटल में घायल का इलाज करने पहुंचे तो वहां परिजनों ने हंगामा कर दिया। दोनों गुटों के बीच आपसी लड़ाई व हंगामें से हॉस्पिटल में भर्ती मरीज व स्टॉफ सहम गया। इसके बाद पुलिस जाप्ता तुरंत मौके पर पहुंच करके भीड़ को हॉस्पिटल से भगाया तो घायल का इलाज करके उदयपुर के लिए रेफर करवाया। भीण्डर हॉस्पिटल में हुई इस प्रकार की घटना के बाद सुरक्षाकर्मी लगाने की मांग की गई।

# भरतपुर : बाइक सवार दो बदमाशों ने व्यापारी को मारी गोली

## बदमाश बाइक से फरार हुए, मौके से खाली कारतूस बरामद, व्यापारी के पैर में लगी गोली

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में दो बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यापारी के पैर में गोली मार दी। घटना सीएम के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। व्यापारी अपनी दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था। बदमाश बाइक से व्यापारी का पीछा कर रहे थे।

- **आसपास के कुछ लोगों का कहना है फायर हुआ है कुछ का कहना है कि फायर नहीं हुआ**

व्यापारी बदमाशों को देख घबरा गया और उसकी स्कूटी एक मकान में जा घुसी। तभी बदमाशों ने व्यापारी के पैर में गोली मारी और फरार हो गए। व्यापारी अर्जुन मेघनानी निवासी जवाहर नगर पानी की टंकी के पास ने बताया कि दुकान से आते समय मेरे पीछे दो बदमाश लग गए। उन्होंने मुझे जान से मारने की कोशिश की थी। बदमाशों ने मेरे पैर में गोली मारी। घटना जवाहर नगर की है। घटना रात 10 बजे की है। एक घंटे बाद पुलिस को सूचना दी गई।

एडिशनल एसपी सतीश कुमार ने बताया कि अर्जुन नाम का व्यापारी जवाहर नगर में रहता है। हीरादास चौराहे पर अर्जुन की परचून की दुकान है। अर्जुन अपनी दुकान बढ़ाकर रात करीब 10 बजे घर आ रहे थे। अर्जुन के घर से कुछ दूरी पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बदमाश व्यापारी का काफी देर से



**घायल व्यापारी को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया।**

पीछा कर रहे थे। रामा देवी के मकान के पास व्यापारी की स्कूटी गिर गई। तभी अर्जुन सड़क पर गिर गया। इतने में बदमाशों ने अर्जुन के पैर में गोली मारी और फरार हो गए। पड़ौसी उन्हें उठाकर घर छोड़ आये। एडिशनल एसपी सतीश कुमार ने बताया कि घटना के करीब एक बाद पुलिस को सूचना दी गई। अर्जुन और उसके परिवार ने घटना के बारे में पुलिस को नहीं बताया। व्यापारी के पैर में चोट आई है। फायरिंग करने की पुष्टि कर रहे हैं। आसपास के कुछ लोग कह रहे फायर हुआ कुछ कह रहे हैं फायर नहीं हुआ। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही व्यापारी से भी पूछताछ की जा रही है।

**मौके से मिला खाली कारतूस :** दरअसल अर्जुन मेघनानी जब अपनी दुकान बंद कर स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। तब से दो बदमाश उनका बाइक से पीछा कर रहे थे। अर्जुन को बदमाशों का पता लग गया। घर के पास आते ही अर्जुन बदमाशों के डर से घबरा गए और उनकी स्कूटी रामा देवी नाम की महिला के घर से जा टकराई। स्कूटी टकराने की आवाज सुन घर के अंदर मौजूद लोग बाहर आये। तभी बदमाशों ने हथियार निकालकर अर्जुन की तरफ एक फायर किया और फरार हो गए। मौके से खाली कारतूस भी बरामद किया गया है।

# होटल पर पुलिस की रेड

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में एक होटल पर दबिश दी। पुलिस ने यहां से 27 से अधिक महिला-पुरुषों को गिरफ्तार किया है। श्रीगंगानगर एसपी को होटल में पिछले काफी लंबे समय अनैतिक गतिविधियां होने की शिकायतें मिल रही थी। इसके बाद एसपी अमृता दुहन के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। सीओ सिटी विष्णु खत्री ने बताया कि श्रीगंगानगर में पुरानी आबादी स्थित बस स्टैंड के सामने होटल में पिछले काफी लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां होने की जानकारी मिल रही थी। इसके बाद दबिश दी गई। होटल में से 15 से अधिक युवक व 12 से अधिक महिलाओं को अरेस्ट किया गया है।

सीओ सिटी ने बताया कि ज्यादातर महिलाएं पंजाब से आई थीं और कुछ लोकल है। इस होटल पर पहले भी करवाई की जा चुकी है।

**अवैध मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार :-** कोटा में भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडी 03.93 ग्राम सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान अजय आहूजा पार्क के पास नेहरू नगर निवासी हैदर अली (29) को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 03.93 ग्राम एमडी बरामद की। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। रामगंजमंडी पुलिस ने शहर स्थित कैप्री गोल्ड लोन बैंक में 26 सितम्बर को हुई ठगी के मामले में फरार अज्ञात अभियुक्त को मय ठगी की राशि के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की। सुजीत शंकर पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि गत 26 सितम्बर को रामगंजमंडी में स्थित केप्री गोल्ड लोन बैंक में हुई ठगी के मामले में फरार अज्ञात अभियुक्त को मय ठगी की राशि के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गत 28 सितम्बर को परिवादी अब्दुल सलाम खान शाखा प्रबंधक केप्री गोल्ड लोन रामगंजमंडी ने अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ 1 लाख 80 हजार रूपये ठगी करने के मामले को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। प्रकरण में ठगी की वारदात के बाद से ही अज्ञात अभियुक्त फरार हो गया था। अभियुक्त तलाश विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा फरार अभियुक्त को धरनावद गांव के पास से मय ठगी एवं बिना नंबरी मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी ने पशु परिचर पद के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए थे

**हनुमानगढ़,** (निसं)। यहां पशुपालन विभाग में फर्जी नियुक्ति पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पशु परिचर पद के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए थे। यह मामला 29 सितंबर 2025 को सामने आया था।

संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, हनुमानगढ़ के डॉ. आनंद स्वरूप ने हनुमानगढ़ टाउन पुलिस थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि झुंझुनू जिले के लूटू गांव निवासी सचिन पुत्र रणवीर ने पशु परिचर के पद के लिए एक नकली आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया था। जांच में सामने आया कि कार्यालय के लेटर पैड पर पशु परिचर के पद पर उपस्थिति दर्ज करवाने का एक कूटरचित दस्तावेज बनाया गया था। इस पर संयुक्त निदेशक हनुमानगढ़ के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर, प्रकरण दर्ज कर उपनिरीक्षक मोहर सिंह को अनुसंधान सौंपा गया। गहन अनुसंधान और आरोपी सचिन कुमार से पूछताछ के बाद, यह पुष्टि हुई कि सचिन कुमार ने स्वयं फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार किया था और शिकायतकर्ता डॉ. आनंद स्वरूप के फर्जी हस्ताक्षर किए थे। अपराध प्रमाणित होने पर, आरोपी सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सचिन कुमार उर्फ धोलिया (28), पुत्र रणवीर जाट, निवासी गांव लूटू, पुलिस थाना धंधूरी, तहसील मलसीसर, जिला झुंझुनूं के रूप में हुई है। इस मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहर सिंह और कॉन्स्टेबल महंगा सिंह शामिल रहे।

- **संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, हनुमानगढ़ के डॉक्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराई**


**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लि.**

रजि. कार्यालयः डी-ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, फोन नः 0141-2228060-61, फैक्स नः 0141-2228065, ई-मेल : edf-rmsc-rj@nic.in, CIN: U24232RJ2011SGC035067, Website : rmsc.health.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- एफ.3( )/आरएमएससी/भण्डार/पैकर्स/2025-26/1919 दिनांक :- 25/09/2025

**ई-निविदा सूचना 03/2025**

**जॉब आधारित पैकर्स/हेल्पर्स सेवा कार्य हेतु ई-निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के 12 माह की अवधि के लिए**

निगम द्वारा 12 माह हेतु जॉब आधारित पैकर्स/हेल्पर्स सेवा कार्य की दर संविदा हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी सेवा प्रदात्ता संस्थाओं/फर्मो से ई-निविदाएँनिम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | विवरण | अनु. राशि (₹ लाखों में) | बोली प्रतिभूति (bid security) (₹ लाखों में) | ई-निविदा शुल्क (₹) | RISL प्रोसेसिंग फीस (₹) | ई-निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारम्भ तिथि एवं समय | प्री-बिड मीटिंग की तिथि व समय | ई-निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा प्रपत्र (तकनीकी बिड) खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जॉब आधारित पैकर्स / हेल्पस सेवा कार्य | 519.00 | 10.38 | 2360.00 (2000+18% GST) | 2360.00 (2000+18% GST) | 26.09.2025 10.30 बजे | 03.10.2025 3.30 बजे | 15.10.2025 06.00 PM बजे तक | 16.10.2025 03.00 PM तक | 16.10.2025 05.00 PM तक |

ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं वेबसाईट **www.dipronline.org, sppp.rajasthan.gov.in** एवं **rmsc.health.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है। ई-निविदा ऑनलाईन इलेक्ट्रोनिक्स फोरमेट में वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ही प्रस्तुत की जाएगी। (UBN No-MSC2526SLRC00040) ई-निविदा प्रपत्र शुल्क राशि Rs.2360-00 (2000+18%GST), RISL प्रोसेसिंग फीस राशि Rs. 2360.00 (2000+18%GST) व बोली प्रतिभूति राशि Rs. 10.38 लाख के अलग-अलग डी.डी./बी.सी. दिनांक 16.10.2025 समय दोपहर 3.00 बजे तक निगम कार्यालय में जमा करवाना आवश्यक है।

**कार्यकारी निदेशक (वित्त), आरएमएससी**

राज.संवाद/सी/25/11173

# उपमुख्यमंत्री ने 'स्वयंसिद्धा' हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वदेशी उत्पादों व महिला उद्यिमता को आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बताया

**जयपुर ।** जयपुर के जवाहर कला केंद्र में लघु उद्योग भारती की महिला इकाई द्वारा आयोजित स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा किया गया।

उन्होंने प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन कर स्वदेशी शिल्प,

> ■ **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर स्वदेशी शिल्प, हस्तनिर्मित उत्पादों और कुटीर उद्योगों की सराहना की।**

हस्तनिर्मित उत्पादों और कुटीर उद्योगों की सराहना की। प्रदर्शनी में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए महिला उद्यिमयों, शिल्पकारों और कारीगरों द्वारा निर्मित पारंपरिक और आधुनिक हस्तशिल्प उत्पादों का विविध रूप देखने को मिला। उपमुख्यमंत्री ने



**उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी में कलाकारों को सम्मानित किया।**

स्टॉल दर स्टॉल जाकर कलात्मक वस्तुओं का अवलोकन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने स्वयं भी कुछ स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर डिजिटल पेमेंट के माध्यम से भुगतान किया, जिससे उन्होंने 'डिजिटल इंडिया' अभियान को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें न केवल स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसारको बल देती हैं, बल्कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को भी मजबूती प्रदान करती हैं।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकारें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके पारंपरिक हुनर को पहचान दिलाने और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुँचाने के लिए समर्पित हैं। स्वदेशी से समृद्धि की भावना को जीवंत करने वाली यह प्रदर्शनी वास्तव में एक प्रेरणादायक पहल ह उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर सुमंगल दीपावली मेले का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ मौजूद दुकानदारों से सौहार्दपूर्वक बातचीत की, उनकी आवश्यकताओं को समझा और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## मुख्यमंत्री ने स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

**जयपुर ।** गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के बजाज नगर स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन का दौरा किया और वहां से खादी के उत्पाद खरीदकर प्रदेशवासियों को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान डिजिटल भुगतान करते हुए यूपीआई के माध्यम से खरीदारी की और डिजिटल इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया 'हर घर स्वदेशी - घर घर स्वदेशी' का आव्हान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को इस विचार को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए।खरीदारी से पहले मुख्यमंत्री ने खादी ग्रामोद्योग भवन परिसर में स्थित राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**जयपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर "सेवा पखवाड़ा" के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया। राठौड़ ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा रेलवे स्टेशन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आगे ले जाना है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को भी याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। शास्त्री जी ने देश को नारा दिया था जय जवान, जय किसान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नारे पर कार्य करते हुए देश के जवानों तथा किसानों को सशक्त और मजबूत करने का कार्य किया है।



**प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना को लेकर कहा कि 1925 में विजयदशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में लगाए गए संघ के पौधे ने आज वटवृक्ष का रूप ले लिया है।

## देवनानी राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में करेंगे राजस्थान का प्रतिनिधित्व

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बारबाडोस में आयोजित होने वाले68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 5 से 12 अक्टूबर तक कैरिबियन देशबारबाडोसकी राजधानी ब्रिजटाउन में आयोजित होगा।सम्मेलन में भाग लेने के लिए देवनानी गुरुवार कोजयपुर से नई दिल्लीरवाना हुए, जहां से वे शुक्रवार प्रात:लंदन के लिए प्रस्थानकरेंगे। लंदन प्रवास के दौरान वेराष्ट्रमंडल संसदीय संघ के मुख्यालयका दौरा करेंगे और संघ के वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श करेंगे। सामाजिक संगठनों से भी मुलाकात करेंगे। देवनानी इस सम्मेलन मेंलोकतंत्र और संसदीय व्यवस्थाओं की मजबूतीके विषय पर पत्र वाचन करेंगे। वे राजस्थान विधानसभा में हाल के वर्षों में हुएनवाचारों और जन-हितकारी पहलोंको भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे।

## 'वैक्सीनेटर का काम अलग, नर्स भर्ती में नहीं दे सकते बोनस अंक'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि वैक्सीनेटर का काम नर्स ग्रेड द्वितीय से अलग है। ऐसे में नर्स ग्रेड द्वितीय भर्ती में वैक्सीनेटर के तौर पर जारी अनुभव प्रमाण पत्र का लाभ नहीं दिया जा सकता। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की किसी योजना में कार्य अनुभव के आधार पर बोनस अंक देने का प्रावधान है, लेकिन इसकी प्रकृति विज्ञापित पद से मेल खानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट अलग-अलग पदों के कार्यो की समानता तय नहीं कर सकता और याचिकाकर्ताओं ने ऐसा कोई साक्ष्य पेश नहीं किया, जिससे साबित हो कि वैक्सीनेटर और नर्स की जिम्मेदारियां समान हैं। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश सुरेन्द्र गुप्ता व छह अन्य की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने नर्स ग्रेड द्वितीय पद के लिए भर्ती निकाली है। जिसमें

> ■ **अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट अलग-अलग पदों के कार्यो की समानता तय नहीं कर सकता**

याचिकाकर्ताओं ने आवेदन किया है। याचिकाकर्ताओं ने करीब दो साल तक वैक्सीनेटर के रूप में काम किया है।

वहीं उनके पास मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से जारी कार्य अनुभव प्रमाण पत्र भी है। ऐसे में उन्हें इस अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नर्स ग्रेड द्वितीय के लिए बोनस अंक देकर नियुक्ति दी जाए। जिसे अदालत ने खारिज करते हुए कहा कि दोनों पक्षों की प्रकृति और जिम्मेदारियां अलग-अलग हैं। ऐसे में उनके वैक्सीनेटर के रूप में किए गए कार्यो के अनुभव का लाभ नर्स ग्रेड द्वितीय भर्ती में नहीं दिया जा सकता।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अविवाहित होना बताकर आरोपित ने दोस्ती कर शादी के लिए प्रपोज किया और फिर देहशोषण करता रहा। इस दौरान युवती का गर्भवती होने का पता चलने पर आरोपित उसे छोड फरार हो गया। इस संबंध में पीडिता थाने पहंची और मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि बगरू की रहने वाली युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपित से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उससे दोस्ती कर ली। मिलने-जुलने पर खुद को अविवाहित होना बताकर शादी करने के लिए प्रपोज किया। मार्च-2025 में मिलने आने पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी करने का झांसा देकर आरोपित ने उसका देह शोषण किया।

## राज्यपाल ने व्यक्त की गायक मिश्र के निधन पर शोक संवेदना

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि पद्म विभूषण प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र जी का निधन शास्त्रीय संगीत विधा की अपूरणीय क्षित है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति प्रदान करने की कामना की है।

## बीएसएनएल का रजत जयंती समारोह मनाया

**जयपुर।** बीएसएनएल का एक अक्टूबर को स्थापना दिवस है और अपनी स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर पूरे भारतवर्ष में बीएसएनएल का रजत जयंती समारोह धूमधामपूर्वक मनाया जा रहा है और आज इसी कड़ी में राजधानी जयपुर में बीएसएनएल कार्यालयों में कई आयोजन किये गए। बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री विक्रम मालवीय ने झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया जिसमे बड़ी संख्या में बीएसएनएल कर्मियों ने बाइक और स्कूटर से शहर के प्रमुख मार्गों से बीएसएनएल को अपनाने हेतु लोगों को सन्देश देने के लिए रैली निकाली। इस अवसर पर प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर श्री वी.एस.नेमीवाल, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल सुशील कुमार सहित बीएसएनएल के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बीएसएनएल कार्मिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री विक्रम मालवीय ने बीएसएनएल के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बीएसएनएल स्थापना दिवस तथा रजत जयंती समारोह की बधाई एवं शुभकामनायें दी। अपने उद्बोधन में श्री विक्रम मालवीय ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए विशेष है। ये हमारे पच्चीस सालों के समर्पण और उपभोक्ताओं के विश्वास का प्रतीक है। हम अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे।इसके साथ ही बीएसएनएल परिमंडल कार्यालय में मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल, जयपुर के सौजन्य से एक चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सेवा और संकल्प का संदेश दिया

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष विजयादशमी उत्सव जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सादगी, उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। दुर्गापुरा बस्ती, लावपुरा बस्ती और हरमाड़ा नगर की हेडगेवार बस्ती में आयोजित कार्यक्रमों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिए और समाज को दिशा देने वाले संकल्पों की बात की।

दुर्गापुरा बस्ती स्थित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशा मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत प्रचारक बाबूलाल उपस्थित रहे। मिश्रा ने अपने संबोधन में संघ की स्थापना को भारत की सांस्कृतिक चेतना का जागरण बताया और मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकी हैं। बाबूलाल ने डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को साझा करते हुए बताया कि कैसे बाल्यकाल से ही उन्होंने राष्ट्र सेवा का मार्ग चुना और संगठन की नींव रखी। उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा केवल संगठन निर्माण की नहीं, बल्कि

> ■ **मिश्रा ने अपने संबोधन में संघ की स्थापना को भारत की सांस्कृतिक चेतना का जागरण बताया**

सामाजिक समरसता, राष्ट्र चेतना और सेवा भावना की है। उन्होंने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय की प्रमुख चुनौतियों को संघ समाज के साथ मिलकर हल कर रहा है। परिवार व्यवस्था, सामाजिक समरसता, पर्यावरण सरंक्षण, स्वदेशी के प्रति जागरूकता और राष्ट्रीय आत्मबोध जैसे विषय आज की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं।

इसी प्रकार लावपुरा बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ आज जिस विशाल स्वरूप में खड़ा है, उसका आधार उन निष्ठावान स्वयंसेवकों की तपस्या है, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने संकल्प से पीछे हटना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने डॉ. हेडगेवार द्वारा दिए गए "राष्ट्र प्रथम" मंत्र को संघ का मूल बताया और कहा कि आज जब समाज को तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं, तब स्वयंसेवकों को और सजग होकर समाज को संगठित करना होगा। उन्होंने भी पंच परिवर्तन की दिशा में समाज में समग्र कार्य की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में घोष वादन और शारीरिक प्रदर्शन ने विशेष आकर्षण उत्पन्न किया।

हरमाड़ा नगर की हेडगेवार बस्ती में हुए विजयादशमी उत्सव में मुख्य वक्ता के रूप में सह सरकार्यवाह अरुण कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और आस्था की विजय का प्रतीक है। उन्होंने भारत की संस्कृति की निरंतरता को उसकी सबसे बड़ी विशेषता बताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत ने अपने मूल्यों को नहीं छोड़ा। उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी सादगी, सत्यनिष्ठा और स्वदेशी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य केवल स्वयं को बढ़ाना नहीं, बल्कि राष्ट्र को सशक्त बनाना है।

## चोरी हुए दस्तावेजों से उठाया लोन

**जयपुर।** लाल कोठी थाना इलाके में एक चोरी ने चोरी के बाद दस्तावेजों से लोन उठाने का मामला सामने आया है। बैंक में जाने के बाद बस कंडक्टर का लोन किस्त नहीं चुकाने पर सिविल कम होना पाया गया। हालांकि उसने कभी लोन नहीं लिया था, लेकिन करीब दो साल पहले लो-फ्लोर बस में ड्यूटी के दौरान कंडेक्टर का बैग चोरी हो गया था। जिसमें उसके दस्तावेज भी थे। जिसके बाद पीड़ित बस कंडक्टर ने थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि भरतपुर के डीग निवासी जयसिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जेसीटीएसएल बगराना डिपो आगरा रोड की लो-फ्लोर बस में कंडक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वह 30 अगस्त 2023 को लो-फ्लोर बस पर ड्यूटी पर थे। जयपुर सेंट्रल जेल के पास ड्यूटी के दौरान कंडेक्टर जयसिंह का बैग चोरी हो गया था। चोरी हुए बैग में उनका आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। जिसके बाद उन्होंने बैग चोरी होने का मामला लालकोठी थाने में दर्ज करवाया।

## पहले नाबालिग और बाद में देरी से आवेदन के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति से इनकार, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जेल विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए पहले नाबालिग बताकर नियुक्ति नहीं देने और बाद में देरी से आवेदन करना बताकर नियुक्ति से इनकार करने पर प्रमुख गृह सचिव, डीजी जेल और भरतपुर जेल अधीक्षक से जवाब तलब किया है। जस्टिस मनीष शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश अभिषेक की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के पिता जेल प्रहरी के रूप में तैनात थे। जनवरी, 2019 में सेवा के दौरान उनकी मौत हो गई। इस पर याचिकाकर्ता ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। जिसे विभाग ने यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि वह अभी अवयस्क है। याचिकाकर्ता की ओर से साल 2022 में वयस्क होने पर पुन: विभाग में आवेदन किया गया। वहीं जेल विभाग ने भी याचिकाकर्ता के आवेदन में हुई देरी की शिथिलता देने के लिए गृह विभाग से सिफारिश की। याचिका में कहा गया कि जनवरी, 2024 गृह

> ■ **अनुकंपा नियुक्ति आवेदन को विभाग ने यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि वह अभी अवयस्क है**

विभाग ने याचिकाकर्ता के आवेदन का निरस्त कर दिया। गृह विभाग ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति तुरंत सहायता के लिए होती है और याचिकाकर्ता के पिता की मौत पांच साल पहले हो चुकी है। इतना समय बीतने के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती। राज्य सरकार की ओर से शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन में हुई देरी को माफ किया जाता है और कर्मचारी की मृत्यु के सालों बाद भी अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। याचिकाकर्ता ने पहली बार तुरंत ही आवेदन किया था, लेकिन वह अवयस्क था। ऐसे में बालिग होने के तत्काल बाद उसने आवेदन कर दिया था। ऐसे में उसे अनुकंपा नियुक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता।



**आदर्श नगर मैदान में दशहरा उत्सव पर रिमझिम बरसात के बीच रावण दहन हजारों दर्शकों की तालियों की गडगडाहट के बीच किया गया।**

## एनसीआरबी रिपोर्ट के बहाने डोटासरा पर बरसे गृह राज्य मंत्री, इस्तीफे की मांग की

**जयपुर ।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से इस्तीफे की मांग की। बेढ़म ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि गहलोत सरकार के समय राजस्थान में अपराध चरम पर था, और कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी थी। उन्होंने कहा, एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2023 में गहलोत सरकार के कार्यकाल में बलात्कार, महिला अत्याचार, अनुसूचित जाति-जनजाति के खिलाफ अपराध, और साइबर अपराधों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई थी। यह जंगलराज नहीं तो और क्या था? बेढ़म ने कहा कि इसके उलट भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद 2024 और 2025 में प्रदेश की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

2023 की तुलना में 2024 में हत्या के मामलों में 13 प्रतिशत, बलवा में 76 प्रतिशत, और बलात्कार के मामलों में 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की

> ■ **जवाहर सिंह बेढ़म बोले -गहलोत राज में जंगलराज, भजनलाल सरकार में अपराधों पर लगाम**

गई है। महिला अपराधों में 21 प्रतिशत, एससी/एसटी अत्याचार में 18 प्रतिशत और लूट के मामलों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है, उन्होंने कहा। गृह राज्य मंत्री ने दावा किया कि भजनलाल सरकार ने आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर के ध्येय वाक्य को चरितार्थ कर दिखाया है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियानों - जैसे 'राजस्थान पुलिस हैकथॉन', 'ऑपरेशन एंटी वायरस', और 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' - के जरिए जून 2025 तक साइबर अपराधों में 68 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।बेढ़म ने डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा, जब एनसीआरबी रिपोर्ट में साफ हो चुका है कि गहलोत सरकार के समय प्रदेश में जंगलराज था, तब डोटासरा को अपने पद से इस्तीफा देकर नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## सार-समाचार

### छह माह से फरार पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार



**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण(डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह माह से फरार पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी हिस्ट्रीशीटर हरीश रिजवानी उर्फ हरीश सिंधी (33) निवासी मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से एक पिस्टल मय अतिरिक्त मैगजीन बरामद की है। आरोपित पुलिस थाना मानसरोवर इलाके में मारपीट तथा मकान पर कब्जा करने के मामले में वान्टेड चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस और दक्षिण डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह माह से फरार पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी हिस्ट्रीशीटर हरीश रिजवानी उर्फ हरीश सिंधी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्टल मय अतिरिक्त मैगजीन जब्त की है। आरोपित मकान पर अवैध कब्जा व मारपीट के मामले में पिछले करीब छह माह से वान्टेड होकर फरार चल रहा था। जिसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

### लाखों रुपए के मोबाइल चोरी की वारदात का पर्दाफाश



**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने 11 लाख रुपए के आईफोन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो नशेडियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अब तक तीन आईफोन बरामद किए है। पुलिस आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। संभावना जताई जा रहीं है कि आरोपियों ने अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि गत 14 सितम्बर को परिवादी योगेश गुरनानी ने मामला दर्ज कराया था कि विराट ट्रैवल्स के माध्यम से उसने हनुमानगढ़ से 11 आई फोन मोबाइल एक पार्सल के माध्यम से जयपुर मंगवाए थे। विराट ट्रैवल्स के ऑफिस पर पार्सल लेने गया था पता चला पार्सल नहीं है। जिसके बाद पीड़ित ने मोबाइल पार्सल चोरी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया । पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया । पुलिस ने मामला दर्ज कर कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पींड़ित योगेश ने मोबाइल के बील में अंकित ईएमआई नंबर व मोबाइल नंबर्स को ट्रेसिंग पर लगवाया। ट्रेकिंग रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस ने तीन आई फोन को ट्रेक कर दोनो आरोपी मोहसिन खान (33) उर्फ खालिक पुत्र नवाब खां नाहरी का नाका ,शास्त्री नगर निवासी व शादाब (23)उर्फ दानिश पुत्र अनवर हुसैन व्यास कॉलोनी,शास्त्री नगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

### गांजा सप्लायर चढा पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले सप्लायर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 330 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर राजर्षि राज ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले सप्लायर रोहित (21) निवासी झून्झनू को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 330 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है।

# ट्रेलर व कंटेनर में भीषण भिड़ंत, कंटेनर चालक की मौत, ट्रेलर चालक घायल

## हादसे के बाद ट्रेलर के पीछे भरे ट्रैक्टरों के टुकड़े-टुकड़े हो गए और राजमार्ग पर बिखर गए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले से गुजरने वाले जयपुर-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के 29 मिल चौराहे पर बने हाईलेवल ब्रिज पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया, जहां एक ट्रेलर अनियंत्रित होने के कारण गलत दिशा में चला गया और सामने से आ रहे कंटेनर को टक्कर मार दी, जिसके कारण कंटेनर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रेलर चालक गंभीर घायल हो गया, जिसे गुलाबपुरा सामुदायिक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। सूचना मिलते ही गुलाबपुरा थाना अधिकारी हनुमान सिंह व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रत वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से दूर कर यातायात सुचारु किया।

- **हादसा इतना भीषण था कि ट्रक चालक ट्रक की केबिन में बुरी तरह फंस गया**
- **ट्रेलर अनियंत्रित होने के कारण गलत दिशा में चला गया और सामने से आ रहे कंटेनर को टक्कर मार दी**



हादसे में ट्रक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।



ट्रेलर में ट्रैक्टर भरे हुए थे, वह भी काफी मात्रा में क्षतिग्रस्त हो गए।

गुलाबपुरा थाना प्रभारी हनुमान सिंह ने कहा कि गुरुवार को थाना क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर 29 मील चौराहे के पास बने हाईलेवल ब्रिज पर जयपुर की तरफ से एक ट्रेलर में नए ट्रैक्टर भरे हुए थे, जहां ट्रेलर अनियंत्रित होकर गलत दिशा में चला गया, जिसके कारण सामने से भीलवाड़ा की तरफ से आ रहे एक कंटेनर को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक चालक ट्रक की केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेलर के पीछे नये ट्रैक्टर भरे हुए थे। वह भी काफी मात्रा में क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक चालक मृतक उत्तर प्रदेश राज्य का बताया जा रहा है, जिसके शव को गुलाबपुरा सामुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद ट्रेलर के पीछे भरे ट्रैक्टरों के टुकड़े-टुकड़े हो गए और राजमार्ग पर बिखर गए थे, जिसके कारण लगभग चार घंटा यातायात बाधित रहा और जाम लगा रहने के कारण पुलिस ने सर्विस लेन खोलकर यातायात सुचारु किया।

# 11वीं के छात्र ने हॉस्टल के कमरे में आत्महत्या की

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार को 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने हॉस्टल के अपने कमरे में बेडशीट का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रविप्रकाश निवासी नगरफोर्ट जो पढ़ाई के लिए जुलाई महीने में टोंक आया था, जो 11वीं कक्षा में एक प्राईवेट हॉस्टल में रहकर पढ़ रहा था। उसके साथ मौजूद साथियों ने बताया कि उसकी बुधवार शाम को आखिरी बार परिजनों से बात हुई थी, कुछ दिन पहले वह गांव भी गया था, तब उसने परिजनों को बताया था कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है।

- **छात्र की बुधवार शाम को आखिरी बार परिजनों से बात हुई थी**

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि रवि कुछ महिने पहले ही पढ़ाई के लिए टोंक आया था।, जो थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट हॉस्टल में रह रहा था, जहां उसका गुरूवार को कमरा बन्द मिलने पर उसके साथियों ने बुलाने के लिए आवाज लगाई तो उत्तर ना देने पर साथी वार्डन के पास पहुंचे और उसे पूरी बात बताई। इस पर वार्डन ने कुंडी तोड़ अंदर घुसा तो रवि फंदे से लटका मिला। जिसके बाद थाना पुलिस ने शव को नीचे उतारकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बाद में परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया। गांव से आये ग्रामीणों ने बताया कि रवि पढ़ने में होशियार था, उसके दसवीं में 91.83 प्रतिशत नंबर आए थे। इस दौरान नगर फोर्ट के स्कूल में उसका साफा और माला पहनाकर स्वागत भी किया गया था। रवि गरीब परिवार से था तथा उसके मां-बाप दोनों खेती करते हैं।

# न्यास के सहायक अभियंता के खिलाफ पूर्व पत्नी थाने पहुंची

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नगर विकास न्यास के सहायक अभियंता के खिलाफ पूर्व पत्नी थाने पहुंच गई। पत्नी ने तलाक के बाद सोशल मीडिया पर धमकाने, मानसिक परेशान करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

सहायक अभियंता गोपाल कुमार धाकड़ के खिलाफ पूर्व पत्नी ने बारां जिले के केलवाड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पत्नी ने धाकड़ के खिलाफ कई सबूत भी पुलिस को पेश किए हैं, जिसमें धाकड़ की अश्लील हरकतों के

- **पत्नी ने तलाक के बाद सोशल मीडिया पर धमकाने सहित कई आरोप लगाए**

स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। धाकड़ इस्टाग्राम पर अश्लील गालियां और धमकी देता है। केलवाड़ा पुलिस ने परिवाद दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। इधर पत्नी ने इतने संगीन आरोप लगाए हैं, जिसमें बताया है कि गोपाललाल एक अज्ञात मोबाइल नंबर और टेलीग्राम समेत अन्य नंबरों से उसे अश्लील संदेश, फोटो एवं वीडियो भेजकर उसके चरित्र पर लांछन लगा रहा है व उसे धमकियां दे रहा है। यहाँ तक कि उसकी मां के चरित्र पर भी झूठे आरोप लगा रहा है और उसके रिश्तेदारों को भी गलत संदेश भेजकर उसकी बेइज्जती करवा रहा है। प्रार्थिया के अनुसार, 18 सितंबर को अपनी दादी के निधन के बाद से वह अपने पिता के घर समरानियां में रह रही है और इसी दौरान यह उत्पीड़न बढ़ गया है।

# डूंगरपुर नगर परिषद को सुपर स्वच्छ लीग सिटी का अवार्ड मिला

## स्वच्छता दिवस को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर डूंगरपुर नगर परिषद ने तीसरी बार अवार्ड जीता

**डूंगरपुर, (निसं)।** गांधी जयंती पर डूंगरपुर नगर परिषद ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड जीतने पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में नगर परिषद टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, अध्यक्षता स्वायत शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा थे। कार्यक्रम में अलग-अलग श्रेणी में नगर निकाय का चयन किया गया था, जिसमें डूंगरपुर नगर परिषद को राष्ट्रीय स्तर पर सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवार्ड की श्रेणी में पुरस्कृत होने पर राज्य स्तरीय सम्मान भी मिला। पुरस्कार लेने के लिए सभापति अमृत कलासुआ, आयुक्त प्रकाश डूडी और एईएन भक्तेश पाटीदार मंच पर पहुंचे, जहां पर अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर डूंगरपुर नगर परिषद टीम को पुरस्कृत किया। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से राज्य की विभिन्न निकाय जिन्होंने सिटीजन फीडबैक, गारबेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग के आधार पर अंक देकर चयन किया गया था, जिसमें पूरे राज्य में सिर्फ डूंगरपुर नगर परिषद ही सुपर स्वच्छ लीग सिटी



डूंगरपुर नगर परिषद को सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवार्ड से जयपुर में सम्मानित किया गया।

अवार्ड की श्रेणी में चयनित है। ऐसे में राजस्थान से डूंगरपुर नगर परिषद का मुकाबला भारत के नगर निकाय से हो रहा है। सभापति अमृत कलासुआ ने शहरवासी, सफाई कर्मचारी और नगर परिषद स्टाफ की मेहनत को पूरा अवार्ड समर्पित किया है।

डूंगरपुर नगर परिषद की ओर से सुपर स्वच्छ लीग सिटी का अवार्ड लगातार तीसरे साल मिलने पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे ने पत्र लिखकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश में स्वच्छता को लेकर आंदोलन चल रहा है, जिसमें नगर परिषद डूंगरपुर की टीम और शहर की जनता ने अपनी मेहनत से स्वच्छता को अपनाया है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में देश में लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए स्वस्थ्य भारत का सपना पूरा करने में सहयोग दिया है। उन्होंने नगर परिषद कर्मचारी और टीम को स्वच्छता के वीरों की उपाधि दी।

# वन्यजीव सप्ताह-2025 का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर में शुभारंभ

**भरतपुर, (निसं)।** केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर में गुरुवार को वन्यजीव सप्ताह-2025 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी. कातिरवेल, मुख्य वन संरक्षक, भरतपुर तथा मानस सिंह, उप

- **केवलादेव मित्र कार्यक्रम का भी शुभारंभ, इस पहल का उद्देश्य बालक-बालिका को उद्यान से जोड़कर प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है**

वन संरक्षक (वन्यजीव), भरतपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स-गाइड्स, वनकर्मी, रिक्शा चालक, नेचर गाइड्स और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर केवलादेव मित्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जो पी. कातिरवेल की अभिनव परिकल्पना है। इस पहल का उद्देश्य भरतपुर के प्रत्येक बालक-बालिका को उद्यान से जोड़कर प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।




केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर में वन्यजीव सप्ताह-2025 का शुभारंभ हुआ।

मुख्य वन संरक्षक, भरतपुर ने पी. कातिरवेल ने अपने संबोधन में कहा कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान न केवल भरतपुर, बल्कि सम्पूर्ण भारत का गौरव है। इसे स्वच्छ, संरक्षित और जीवंत बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी आदत बनाने का आग्रह किया। उप वन संरक्षक (वन्यजीव) मानस सिंह ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण तभी सफल होगा जब समाज का हर वर्ग सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने बताया कि वन विभाग स्थानीय समुदाय, रिक्शा चालकों, नेचर गाइड्स और बच्चों को संरक्षण गतिविधियों से जोड़ रहा है। यह आयोजन बच्चों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय समुदाय को उद्यान संरक्षण से गहराई से जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा। वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी जैसी जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य बच्चों और युवाओं में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय चेतना का विकास करना है।

कार्यक्रम का समन्वयन क्षेत्रीय वन अधिकारी (फ्लाइंग) भरत लाल वर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स-गाइड्स और वन कर्मियों ने उद्यान की स्वच्छता और जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उद्यान का भ्रमण किया और जैव विविधता, पक्षी संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के महत्व की जानकारी प्राप्त की।

# मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक पर फायरिंग व चाकू से हमला

**कोटा, (निसं)।** कैथूनीपोल थाना इलाके में दिनदहाड़े डॉग को लेकर मॉर्निंग वॉक पर घूम रहे युवक पर बाइक सवार चार बदमाशों ने फायरिंग की एवं युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

- **बाइक सवार चार बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया, पूरा घटनाक्रम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया**

जानकारी के अनुसार कारोबारी संदीप सिंह सोलंकी डॉग को लेकर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, बाइक सवार चार बदमाशों ने अचानक से संदीप पर फायरिंग कर दी, जिससे संदीप के पैर में चोट लगी। संदीप के सड़क पर गिरने पर बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पूरा घटनाक्रम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। दिनदहाड़े युवक पर हुए हमले की सूचना मिलते ही शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम भी मौके पर पहुंची और मौके पर कैथूनीपोल थानाधिकारी से घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली व घटनास्थल का मुआयना किया। वहीं घटनास्थल पर एफएसएल व डॉग स्क्वॉड टीम को भी बुलाया गया। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि संदीप सोलंकी मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर आये बदमाशों ने उन पर अचानक से हमला कर दिया। संदीप ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर संदीप पर पहले फायरिंग की फिर चाकू से हमला कर दिया एवं हमलावार मौके से फरार हो गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में पुरानी रंजिश सामने आ रही है, हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये टीमें गठित कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।




सांभर में दशहरा के दिन फिल्म अभिनेता सन्नी देओल ने लक्ष्मी नारायण मंदिर जाने वाली गली में ग़दर-3 फिल्म की शूटिंग की। सन्नी देओल ने मोटरसाइकिल पर अभिनेत्री प्रिया जायसवाल को बैठा कर काफी देर तक शॉट दिया। इसके अलावा उन्होंने सांभर में अनेक प्रमुख स्थानों पर भी फिल्म की शूटिंग की।

# प्रधानाचार्य का स्थानांतरण रद्द करने की मांग

**डूंगरपुर-बिछीवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ब्लॉक कमेटी बिछीवाड़ा ने डूंगरपुर जिले के सुदूर आदिवासी क्षेत्र तलैया के प्रधानाचार्य सोमालाल गमेती का स्थानांतरण प्रतापगढ़ जिले में किए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संघ का कहना है कि यह स्थानांतरण न सिर्फ विद्यार्थियों की शिक्षा, बल्कि लगभग 15 गांवों के आमजन को भी सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ब्लॉक कमेटी ने इस स्थानांतरण को लेकर कई गंभीर मुद्दे उठाए हैं।

- **15 गांवों के विद्यार्थी और ग्रामीण प्रभावित होंगे**

ब्लॉक अध्यक्ष सोहनलाल भगोरा ने बताया कि डूंगरा डिवीजन के कई उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पद रिक्त हैं। ऐसे में, बिना उचित नीति के और कथित तौर पर राजनैतिक द्वेषता के कारण स्थानीय निवासी और अनुभवी प्रधानाचार्य का सुदूर स्थानांतरण गलत है। उनके मार्गदर्शन की अनुपलब्धता से शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन पर नकारात्मक असर पड़ेगा। ब्लॉक मंत्री कमलेश डामोर ने कहा कि प्रधानाचार्य एक राजपत्रित अधिकारी होते हैं। उनके जाने से पालीसोडा, गेड, तलैया, पंथाल, मोदर सहित उदयपुर जिले की सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को अब जाति, मूल निवास, चरित्र प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के प्रमाणीकरण अटेस्टेशन के लिए दूर-दराज के स्थानों के चक्कर लगाने पडेंगे। डामोर ने कहा कि प्रधानाचार्य गमेती की सेवानिवृत्ति में मात्र तीन वर्ष शेष हैं और उनकी जीवन साथी असाध्य रोग से पीड़ित हैं। संघ ने इसे आमजन, कार्मिक, और विद्यार्थी हित में न देखते हुए मानवीयता के आधार पर भी स्थानांतरण रद्द करने की मांग की है। संघ के जिला उपाध्यक्ष देवीलाल गौड़ ने सरकार की शिक्षा के प्रति गंभीरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे दुर्गम और पिछड़े इलाकों में अनुभवी प्रधानाचार्य और शिक्षकों की स्थिर नियुक्ति आवश्यक है। संघ के जिला उप सभाध्यक्ष मक्सीराम फलेजा ने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रधानाचार्य गमेती का स्थानांतरण रद्द किया जाए और यदि स्थानांतरण आवश्यक है तो उन्हें आसपास के किसी विद्यालय में लगाया जाए। संघ ने इस प्रकार प्रताड़ित करने वाले स्थानांतरण पर गहरा रोष व्यक्त किया है और चेतावनी दी है कि यदि यह स्थानांतरण शीघ्र रद्द नहीं किया गया तो राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा।

# "रिफ 2025" का बाल मेला व लोक कलाकारों की प्रस्तुति के साथ आगाज़

**जोधपुर, (कासं)।** लोक संगीत और कलाकारों को समर्पित राजस्थान इंटरनेशनल फोक फैस्टिवल (जोधपुर रिफ) का 18 वां संस्करण गुरुवार से शुरू हो गया। रिफ का आगाज़ गुरुवार सुबह वीर दुर्गादास मेमोरियल पार्क मसूरिया पहाड़ी पर बाल मेला व लोक कलाकारों की प्रस्तुति के साथ किया गया। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय रिफ में देश-विदेश के करीब 280 कलाकार प्रस्तुति देंगे। वीर दुर्गादास मेमोरियल पार्क मसूरिया पहाड़ी पर आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन कठपूतली कला, घूमर नृत्य, कच्ची घोड़ी नृत्य, फोक कलाकारों की संगीतमय प्रस्तुति, राजस्थानी कलाबाज और जादूगर के करतब के साथ भपंग की धुन पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन में जोधपुर के विभिन्न स्कूली बच्चों ने भाग लिया। वहीं शाम 7.30 बजे से जसवंत थड़ा में सिटी कॉन्सर्ट के महंत समारोह का उद्घाटन किया गया, जिसमें पारंपरिक राजस्थानी कलाकारों की विविधता को दर्शाते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

- **राजस्थान इंटरनेशनल फोक फैस्टिवल (जोधपुर रिफ) का 18 वां संस्करण शुरू हुआ**
- **मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय रिफ में देश-विदेश के करीब 280 कलाकार प्रस्तुति देंगे**

जोधपुर रिफ महोत्सव के निदेशक दिव्य भाटिया ने बताया कि फेस्टिवल में विश्व के कई नामचीन संगीतकार व कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। फेस्टिवल का समापन छह अक्टूबर को होगा। इस पांच दिन के संगीत महोत्सव में शहरवासी व अन्य लोग ना केवल विश्व स्तरीय संगीत सुन पाएंगे, बल्कि जड़ों को भी समझ पाएंगे। इस बार नई पीढ़ी के साथ ही रोमांचक और नवीन शैली का आदान-प्रदान ख्याति प्राप्त और स्थानीय कलाकार करेंगे। इस बार उज्बेकिस्तान कजाकिस्तान, भूटान, कनाडा के कलाकार भी यहां पर परफॉर्म करते हुए नजर आएंगे। मां-बेटी की जोड़ी गंगा व सुंदर कीर्ति, राजस्थान की डांगी सिस्टर्स प्रेम और अनीता भी परफॉर्म करेंगी। मीर कम्युनिटी के युवा कलाकार सनावड़ा से बरकत भी मंच पर होंगे। उनकी जांगड़ा गायकी कभी राजपूत योद्धाओं के युद्ध में गाई जाती थी। अदाकारी और आवाज़ के लिए खास पहचान बना चुके सूफी गायक सावन खान और लाखा खान भी इस बार आर्टिस्ट पैनल में हैं। इस बार कनाडा के ल्यूक वॉलेस और लंदन की रोसा सेसिलिया भी शामिल होंगे।

# ट्रेन का अस्थायी विस्तार अलवर तक

**कोटा, (निसं)।** त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यात्री गाड़ियों का अस्थायी विस्तार किया गया है। इस निर्णय से आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और भीड़भाड़ वाले समय में सुगम यात्रा सुनिश्चित की जा सकेगी। ट्रेन संख्या 69159 (बयाना-मथुरा मेमू पैसेंजर) को अस्थायी रूप से अलवर जंक्शन तक बढ़ाया गया है। यह सेवा 30 नवम्बर तक संचालित होगी। यह गाड़ी बयाना जंक्शन से 18.25 बजे प्रस्थान कर अलवर जंक्शन 23.45 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 19110 (मथुरा-कोटा मेमू एक्सप्रेस) को भी अस्थायी रूप से अलवर जंक्शन से चलाने का निर्णय लिया है। यह सेवा 1 दिसम्बर तक संचालित होगी।

# लीज़ की आड में बजरी का अवैध खनन, सरकार को करोड़ों का नुकसान

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा जिले के जेठंतरी कनाना क्षेत्र में खनन माफिया ने अब लीज की आड में अवैध खनन का नया तरीका अपना लिया है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लग रहा है। अवैध बजरी खनन के इस संगठित खेल में माफिया का नेटवर्क इतना मजबूत है कि प्रशासन की हर गतिविधि की खबर उन तक तुरंत पहुंच जाती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सिणधरी क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर जैसे ही किसी प्रशासनिक या पुलिस दल की मूवमेंट की खबर लगी, मौके पर मौजूद डम्परों के बेडे में

- **बालोतरा जिले के जेठंतरी कनाना क्षेत्र में खनन माफिया ने अब लीज की आड में अवैध खनन का नया तरीका अपनाया**

से एक गाड़ी को तुरंत माल भरकर निकाला गया और चौंकाने वाली बात यह रही कि उसके ठीक पीछे दूसरी गाड़ी को भी उसी समय रवाना कर दिया गया। वैध लीज की आड में अवैध खनन से जहां नदी के प्राकृतिक पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं खनिज विभाग को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह भी आरोप है कि इस अवैध कारोबार को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते अधिकारियों की कार्रवाई अक्सर प्रभावी नहीं हो पाती है।

किसान पर्यावरण संरक्षण समिति सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि वैध लीज की आड में अवैध खनन से जहां नदी के प्राकृतिक पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं खनिज विभाग को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।



भारत जैसे 'फुटबॉल के जुनूनी देश' में दोबारा आना मेरे लिए 'सम्मान' की बात है। मैं पिछली बार भारत में 14 साल पहले (2011) खेला था।

- लियोनेल मेसी

अर्जेंटीना फुटबॉल खिलाड़ी, अपने इंडिया टूर को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**युजवेंद्र चहल**

**नॉर्थेम्प्टनशायर** ने अगले सत्र के लिए भारतीय लेगस्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑस्ट्रेलियाई सीमर हैरी कॉन्वे को ओवरसीज खिलाड़ी के रूप में अपनी शामिल करने का निर्णय लिया है। कॉन्वे ने इस साल पहले चार चैंपियनशिप मैचों में 20 विकेट लिए थे। 33 वर्षीय कॉन्वे अप्रैल और मई में लगभग सात मैचों के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। वहीं चहल लगातार तीसरे सीजन नॉर्थेम्प्टनशायर के खेलेंगे। वे सीजन के दूसरे हिस्से में काउंटी चैंपियनशिप और मेट्रो बैंक वनडे कप में खेलने के लिए टीम में शामिल होंगे। कुल मिलाकर उन्होंने इस क्लब के लिए 44 प्रथम श्रेणी विकेट और लिस्ट ए में सात विकेट लिए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1983 विश्व कप में भारत का रिकॉर्ड यह था कि टीम ने वेस्टइंडीज की दो बार की चैंपियन टीम को हराकर लॉर्ड्स में अपना पहला विश्व कप खिताब जीता।

# सिराज, बुमराह और राहुल के दम पर भारत ने विंडीज पर कसा शिकंजा

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (चार विकेट) और जसप्रीत बुमराह (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के पहले दिन गुरूवार को पहली पारी में 162 रन पर समेटने के बाद केएल राहुल (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने स्टंप्स के समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। हालांकि वह अभी भी वेस्टइंडीज के बनाये गये स्कोर से 41 रन पीछे है।

वेस्टइंडीज को समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़े। 19वें ओवर में जेडेन सील्स ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। यशस्वी जायसवाल ने 54 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 36 रन बनाये।





भारत का दूसरा विकेट साई सुदर्शन (सात) के रूप में गिरा। उन्हें रॉस्टन चेज ने पगबाधा आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने पहली पारी में दो विकेट पर 121 रन बना लिये है और केएल राहुल नाबाद 53 और शुभमन गिल नाबाद 18 रन क्रीज पर मौजूद है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक विकेट लिये।

इससे पहले वेस्ट इंडीज का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उसके मन-माफिक नहीं रहा। भारतीय तेज गेंदबाज जोड़ी ने उसकी पारी को बिखेर दिया। रही-सही कसर चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने दो विकेट लेकर पूरी कर दी। सिराज ने 40 रन पर चार विकेट, बुमराह ने 42 रन पर तीन विकेट, कुलदीप ने 25 रन पर दो विकेट और वाशिंगटन सुंदर ने नौ रन पर एक विकेट लिया।

भारत ने लंच ब्रेक तक ही वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया था और लंच के तुरंत बाद ही सिराज ने एक और सफलता दिलाई। हालांकि इस सत्र में वॉशिंगटन और बुमराह ने भी गेंद के साथ अहम भूमिका निभाई और खासकर बुमराह ने अपनी सटीक यॉर्कर से सेट बल्लेबाज ग्रीव्स को बोल्ड किया। सिराज को चार विकेट से संतुष्ट रहना पड़ा लेकिन उनके योगदान से भारत मैच में पहले दिन ही काफी आगे हो गया है।

वेस्टइंडीज की टीम दो सत्रों में ही ऑल आउट हो गई। उन्होंने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह उनकी योजना नहीं थी। सिराज ने भारत के लिए लय तय की क्योंकि उन्होंने पहले चार में से तीन विकेट चटकाए। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत में कप्तान रोस्टन चेज को आउट करने के लिए एक जाफ़ा भी लगाया। ग्रीव्स ने थोड़ा संघर्ष दिखाया, लेकिन बुमराह ने उन्हें शानदार गेंदबाजी से बोल्ड कर दिया। इसके बाद बहुत कम समय बचा क्योंकि भारत की तेज गेंदबाज जोड़ी ने मिलकर सात विकेट लिए। कुलदीप ने अपना दूसरा विकेट लेकर पारी का अंत किया। कुछ अच्छी पारियों के अलावा, वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी प्रदर्शन बेहद खराब रहा क्योंकि किसी भी बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जरूरी धैर्य और लचीलापन नहीं दिखाया।

जस्टिन ग्रीव्स ने 32, शाई होप ने 26 और कप्तान रोस्टन चेज ने 24 रन बनाये।

# अपोलो टायर्स ने पुरुष क्रिकेट टीम की जर्सी पर लोगो का अनावरण किया

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ हाल ही में हुई प्रतिष्ठित 3-वर्षीय रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद, अपोलो टायर्स ने आज अहमदाबाद, भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट मैच से पहले पहली बार भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की जर्सी पर अपने लोगो का अनावरण किया।

यह साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि दो दिन पहले ही अपोलो टायर्स का लोगो पहली बार गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान महिला टीम की जर्सी की आस्तीन पर प्रमुखता से दिखाई दिया था। क्रिकेट, जिसे अक्सर देश की धड़कन कहा जाता है, लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है।

पुरुष और महिला दोनों टीमों की जर्सी पर अपोलो टायर्स के लोगो की उपस्थिति खेल के समर्थन और देश के जुनून का जश्न मनाने की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी इस सहयोग को न केवल एक रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखती है, बल्कि इसे अपार राष्ट्रीय गौरव का विषय भी मानती है।

अपोलो टायर्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नीरज कंवर ने कहा, "भारतीय क्रिकेट टीमों की जर्सी पर हमारा लोगो दिखाई देना हमारे लिए बेहद सम्मान की बात है। क्रिकेट किसी भी अन्य खेल की तरह देश को एकजुट करता है, और इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य टीमों और उनके समर्थकों के साथ दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और उत्कृष्टता की भावना को मूर्त रूप देते हुए, दूर तक जाना है।"

यह साझेदारी प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और देश की जीवंत क्रिकेट संस्कृति में योगदान देने के लिए अपोलो टायर्स के समर्पण को दर्शाती है। जैसे ही टीमें कंपनी के प्रतीक चिन्ह के साथ मैदान में उतरेंगी, अपोलो टायर्स साझा जीत और प्रेरक क्षणों की यात्रा पर दूर तक जाने के लिए उत्सुक है।

# बंगलादेश ने पाकिस्तान की महिला टीम को सात विकेट से हराया

कोलंबो, 2 अक्टूबर । गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद रूब्या हैदर (नाबाद 54) की अर्धशतकीय पारी के दम पर बंगलादेश ने गुरुवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के तीसरे मैच में पाकिस्तान को 113 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।



130 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज सात रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट फरजानां हक (दो) का गंवा दिया। इसके बाद शर्मीना अख्तर (10) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। ऐसे समय में बल्लेबाजी करने आयी कप्तान निगार सुल्ताना ने रूब्या हैदर के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 62रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 25वें ओवर में फातिमा सना (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बंगलादेश ने 31.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। रूब्या हैदर ने 77 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए नाबाद 54 रनों की पारी खेली। शोभना मोस्तारी 24 रन बनाकर नाबाद रही।

इससे पहले आज यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को बंगलादेश ने अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 38.3 ओवर में 129 रनों पर ढेर कर दिया। केवल राईन शमीम 39 गेंदों में 23 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पारी को शुरुआती झटके लगे जब ओमैमा सोहेल और सिदरा अमीन स्कोरर को परेशान किए बिना ही आउट हो गईं। शमीम और सिदरा नवाज (20 गेंदों में 15 रन) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। आलिया रियाज आउट होने से पहले 13 रन ही बना सकीं, जबकि कप्तान फातिमा सना ने 33 गेंदों में 22 रन जोड़े। पुछल्ले बल्लेबाज ज़्यादा योगदान नहीं दे सकीं, जिससे पाकिस्तान 129 रनों पर ऑल आउट हो गया।

बांग्लादेशी गेंदबाजों ने निशिता अख्तर निशि, नाहिदा अख्तर, मारुफा अख्तर, फहीमा खातून, राबेया खान और शोरना अख्तर के महत्वपूर्ण विकेट लेकर अपना दबदबा दिखाया।

# दिनेश कार्तिक का हांगकांग सिक्सेज के साथ करार

हांगकांग, 2 अक्टूबर । दिनेश कार्तिक ने हांगकांग सिक्सेज के साथ करार किया है। हाल ही में आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलने के लिए सहमत होने के बाद, कार्तिक (40) अपने पूर्व भारतीय और तमिलनाडु टीम के साथी आर अश्विन के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने पहले इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की थी। आयोजकों, क्रिकेट हांगकांग,ने कहा कि कार्तिक भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

कार्तिक ने कहा, "हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है



जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूँ जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं। हम साथ मिलकर प्रशंसकों को खुशी प्रदान करेंगे और निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे।" यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। क्रिकेट हांगकांग चीन के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा, "हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी।" **इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी:** दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूएई, भारत, पाकिस्तान, कुवैत, श्रीलंका, बंगलादेश और हांगकांग । टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और भारत और पाकिस्तान को, उम्मीद के मुताबिक, एक ही ग्रुप (ग्रुप सी) में रखा गया है।

## विदर्भ के 342, शेष भारत को रजत पाटीदार का सहारा

नागपुर, 2 अक्टूबर । आकाश दीप और मानव सुथार (तीन-तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शेष भारत ने गुरुवार को विदर्भ को पहली पारी में 342 के स्कोर पर रोकने के बाद अभिमन्यु ईश्वरन (52) और रजत पाटीदार (नाबाद 42) रनों की पारियों के दम पर स्टंप्स के समय पांच विकेट पर 142 रन बना लिये है।

बल्लेबाजी करने उतरी शेष भारत के लिए अभिमन्यु ईश्वरन और आर्यन जुयाल की जोड़ी ने पहली पारी के लिए 52 रन जोड़े। 20वें ओवर में दर्शन नालकंडे ने आर्यन जुयाल को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यश ढुल 11 रन बनाकर आउट हुये।

## भारत-श्रीलंका के विश्व कप के पहले मैच ने दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया

नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर । गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाकिस्तान आईसीसी महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था। यह कीर्तिमान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नवीनतम कीर्तिमान है, जिसने प्रशंसकों की पहुंच और महिला क्रिकेट इतिहास में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के मामले में भी नए मानक स्थापित किए हैं। आईसीसी हॉल ऑफ फेमर सचिन तेंदुलकर ने हाल के दिनों में महिला क्रिकेट द्वारा तय की गई उपलब्धियों की सराहना की है। तेंदुलकर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा,मुझे पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति की सराहना करनी चाहिए। महिला प्रीमियर लीग किसी बड़े बदलाव से कम नहीं है। इसने वह मंच, दृश्यता और वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है जिसका महिला क्रिकेटरों की पीढ़ियां केवल सपना ही देख सकती थीं। वर्तमान महिला क्रिकेट विश्व कप इस टूर्नामेंट का 13वां संस्करण है। आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें खेल के सर्वोच्च पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।


## भारतीय अंडर 19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से रौंदा

ब्रिसबेन, 2 अक्टूबर। दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रेलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया।

# भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है: माइकल बोहल

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर । चीन की टीम के तैराकी कोच माइकल बोहल ने कहा है कि भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है। भारत ने 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रजत, नौ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते और नौवां स्थान हासिल किया, जो कि वाटर स्पोर्ट्स में देश की बढ़ती प्रभुता का प्रमाण है।

भारत ने इस खेल में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें श्रीहरि नटराज, ऋषभ दास, कुशाग्र रावत, रोहित बी बेनेडिक्टॉन, साजन प्रकाश और भव्या सचदेवा जैसे युवा तैराक उभर रहे हैं। इन सबने तैराकी में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक जीते, जबकि इंदिवर सैरेम और



विल्सन सिंग निंगथौजम ने डाइविंग में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया।

बोहल ने कहा, "मुझे लगता है कि भारत ने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।पुरुषों ने विशेषकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि बुधवार रात 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक महिला ने पदक जीता। इसलिए जब भी आप किसी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचते हैं, तो यह देश के लिए अच्छी बात होती है।" श्रीहरि नटराज ने सात पदक (3 व्यक्तिगत, 4 रिले) के साथ भारतीय दल का नेतृत्व किया। इसके अलावा भारतीय दल में वृत्ति अग्रवाल, धीनिधि देसिंघु, सान्वी देशवाल, अद्वैत पेज, निथिक नथेला और जशुआ थॉमस दुरई जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस एशियाई प्रतियोगिता में अपार संभावनाएं और क्षमता दिखाई।


उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि आपके पास कुछ अच्छे अग्रणी तैराक हैं, बस आपको और अधिक तैराकों की जरूरत है। और मुझे लगता है कि वहां आपकी आबादी भी अच्छी है। जैसा कि आप जानते हैं, भारत में भी चीन के समान ही बहुत बड़ी आबादी है। इसलिए मुझे लगता है कि जैसे-जैसे कोचिंग बेहतर होती है, जैसे-जैसे आपके पास ज़्यादा महत्वपूर्ण समूह होता है और ज्यादा तैराक अच्छा प्रदर्शन करते हैं, यह शीर्ष तैराकों पर दबाव डालता है।"

# प्रखर असावा तमिलनाडु ओपन 2025 में संयुक्त 12वें स्थान पर रहे

जयपुर, 2 अक्टूबर। रामबाग गोल्फ क्लब के प्रखर असावा ने कोयंबटूर गोल्फ क्लब में आयोजित तमिलनाडु ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे राउंड के बाद संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया है।

तेज़ हवा और कठिन पिन पोजिशन के बीच असावा ने दो बर्डी और एक बोगी के साथ एक अंडर-पार राउंड खेला और तीन दिनों में उनका कुल स्कोर 219 रहा। उनका -1, 4 और -1 स्कोर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनकी निरंतरता और दृढ़ता को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के किसी गोल्फ खिलाड़ी द्वारा हाल ही में किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है।

शीर्ष पर, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने तीन



राउंड के बाद 8 अंडर के स्कोर के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी। इस टूर्नामेंट में भारत के प्रमुख पेशेवर गोल्फर जैसे मनु गंडास, अभिनव लोहान और जयराज सिंह संधू के साथ-साथ श्रीलंका के गोल्फर एन. थंगराजा और के. प्रभागरण भी भाग ले रहे हैं।

प्रखर असावा 12वें स्थान पर अंशुल पटेल, प्रणव मर्दिकार, जॉयसुरजो देव, ब्रश्वरपाल सिंह और गौरव प्रताप सिंह के साथ संयुक्त रूप से हैं। इस उपलब्धि पर रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन, योगेंद्र सिंह ने कहा, "प्रखर ने कठिन परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। उनका यह प्रदर्शन रामबाग गोल्फ क्लब की गोल्फ प्रतिभा की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।" वहीं, रामबाग गोल्फ क्लब के मानद सचिव, समृद्ध शर्मा ने कहा, "प्रखर ने अपने खेल में अद्भुत परिपक्वता दिखाई है। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ एक शुरुआत है, और वे भविष्य में और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे।"

## कोको गॉफ चाइना ओपन के सेमीफाइनल में

बीजिंग, 2 अक्टूबर । अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने गुरुवार को जर्मनी की ईवा लिस को हराकर चाइना ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइन में जगह बना ली।

आज यहां खेले गये क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में जर्मनी की लिस को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब गॉफ का सामना सेमीफाइनल में दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी या अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह तीसरी बार होगा जब 21 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंची हैं। मैच के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी के बारे में गॉफ ने कहा, वह एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्होंने दौड़ते हुए कुछ अविश्वसनीय शॉट लगाए। मैं आक्रामक बने रहने की पूरी कोशिश कर रही थी। बस अपने खेल पर भरोसा बनाए रखना चाहती थी और जब मैं बढ़त बना रही थी तो बहुत अधिक निष्क्रिय नहीं रहना चाहती थी।

## आईएलटी20 से चूकने के बाद अश्विन ने पूरे बीबीएल सीजन के लिए अनुबंध किया

नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर । पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्धता जताई है और सिडनी थंडर के सभी मैचों में खेलेंगे। उन्होंने शुरुआत में एक छोटे कार्यकाल के लिए अनुबंध किया था, जिसमें केवल कुछ लीग मैच और प्लेऑफ शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहने के लिए अपने अनुबंध को बढ़ा दिया है। बीबीएल इस वर्ष 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा। अश्विन की बीबीएल में विस्तारित भागीदारी एक स्पष्ट कारण से है। बुधवार को नीलामी के पहले दौर में न बिकने के बाद आईएलटी20 में उनका नियोजित कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बाकी राउंड से तुरंत अपना नाम वापस ले लिया, क्योंकि वे कम वेतन पर लीग में खेलने को तैयार नहीं थे।

अश्विन ने आईएलटी20 नीलामी में 120,000 डॉलर के आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया था, जो पंजीकृत खिलाड़ियों में सबसे ज़्यादा था, लेकिन घटनाक्रम से निराश थे। अश्विन ने क्रिकबज से कहा, "यही वह कीमत थी जो मैं न्यूनतम चाहता था।

## मुलर 35वां खिताब जीतकर जर्मनी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

बर्लिन, 2 अक्टूबर। वैंकूवर व्हाइटकैप्स के स्ट्राइकर थॉमस मुलर ने कहा कि अपने करियर का 35वां खिताब जीतने के बाद से उनके फोन की घंटी बजती ही रही है, जिससे वह जर्मन फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं। दोस्तों, पूर्व साथियों और रिश्तेदारों ने 36 वर्षीय इस खिलाड़ी को बधाई देने के लिए फोन किए, जिन्होंने बायर्न म्यूनिख के अपने पूर्व साथी टोनी क्रूस (34 खिताब जीतने वाले) को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 2014 फीफा विश्व कप साथ मिलकर जीता था।

**भावनगर पोलो कप (6 गोल)**

# जयपुर और रामबाग पोलो टीमें जीती

जयपुर, 2 अक्टूबर। कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर जयपुर पोलो टीम ओर मेफेयर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें जयपुर पोलो टीम ने मेफेयर पोलो टीम को 5 के मुकाबले 8 गोल से हराया। जयपुर पोलो टीम की ओर सेवंदित गोलछा ने 2 गोल, महाराज पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल ओर लांस वाटसन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। मेफेयर पोलो टीम की ओर से अनय शाह ने 3 गोल और डेनियल ने 2 गोल किये।

कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर दूसरा मैच रामबाग पोलो ओर वी पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें रामबाग पोलो टीम ने वी पोलो टीम को 4.5 गोल के मुकाबले 8 गोल से हराया। रामबाग पोलो टीम की ओर से लियोरेंट ने 1 गोल, सिद्धांत सिंह ने 2 गोल ओर ध्रुवपाल गोदारा ने अपनी टीम




के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल कर जीत दिलाई। वहीं वी पोलो टीम की ओर से विवान मेहता और गोंजालो यनजोन ने 2 गोल किए।

# राजस्थान-पंजाब अंडर 23 अभ्यास मैच: राजस्थान 5 विकेट से जीती

जयपुर, 2 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 23 प्रतियोगिता , अंडर 19 प्रतियोगिता व सीनियर वीमेन ट्रॉफी की पूर्व तैयारियों के लिए खेले जा रहे प्रैक्टिस मैच व अंडर 23 चैलेंजर ट्रॉफी :-

सवाई मान सिंह स्टेडियम राजस्थान - पंजाब अंडर23 अभ्यास मैच में राजस्थान ने पंजाब को 5 विकेट से हराया। पंजाब पहली पारी 268/5 (घोषित), राजस्थान पहली पारी 292/9 (घोषित ) पंजाब दूसरीपारी 252/9 घोषित, टीम के लिए मयंक गुप्ता



नाबाद 104 रन, राजस्थान के गेंदबाज दीपेंद्र सिंह 41/3 , विशाल गोदारा 44/2 विकेट, राजस्थान दूसरी पारी 234/5 विकेट

टीम के लिए राज शर्मा नाबाद 122 , रोहन राजभर 42 व अनिरुद्ध सिंह नाबाद 22 रन राजस्थान - बड़ोदा सीनियर वीमेन प्रैक्टिस मैच, बड़ोदा पारी 124/9 (20 ओवर ) टीम के लिए शिखा पांडे नाबाद 37 व अतोशी 32 रन राजस्थान की गेंदबाज सुमन मीणा 18/4 , गंगा 18/3 विकेट राजस्थान पारी 120/8 टीम के लिए चंद्रज्योत्सना27, याना वर्मा 24 व आयुषीगर्ग 22 रन बड़ोदा की गेंदबाज केशा पटेल 16/3 व नृपा व्यास 28/2 विकेट

राजस्थान - मध्य प्रदेश अंडर 19 प्रैक्टिस मैच, मध्य प्रदेश पारी 235/6, टीम के लिए हर्षित दुबे 103, प्रतीक 41 रन, राजस्थान के गेंदबाज साहिब अभिचंदानी 13/2 , हनी प्रताप 49/2 विकेट राजस्थान पारी 206/10, टीम के लिए साहिब अभिचंदानी 50, शौर्यवर्धन 29, भव्य राज 24 रन मध्य प्रदेश के गेंदबाज गिरिराज शर्मा 27/5 विकेट।

अंडर 23 चैलेंजर ट्रॉफी (पहला दिन), टीम बी - टीम ऐ, टीम बी पारी 313 आल आउट, टीम के लिए सर्वज्ञ पनेरी 145, शुभम सिंह 41, आमिल नाबाद 55, देवकृत शर्मा 20 व अंकुश 26 रन, टीम ऐ के गेंदबाज अनिक गौड़ 53/3, ओसनिक ग्रोवर 17/3, चेतन शर्मा , पुष्पेंद्र सिंह व शोभित मिश्रा 1 -1 विकेट। टीम सी - टीम डी, टीम सी पारी धर्मवीर सैनी 138, राहुल चौधरी 97, देव यादव नाबाद 73 व आकाश 37 रन। टीम डी के गेंदबाज नीलेश टांक 18/3 विकेट।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संविधान क्लब में आयोजित सहकार सदस्यता अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्हें एपेक्स बैंक द्वारा 1.28 करोड़ रुपये और कॉनफेड द्वारा 21.73 लाख रुपये की लाभांश राशि के प्रतीकात्मक चेक भी भेंट किए गए।*

# मुख्यमंत्री ने संविधान क्लब में सहकार सदस्यता अभियान की शुरुआत की

## उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सहकारी समितियों की संख्या में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 8,300 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) पर सदस्यता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।**
- **सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान ने सहकारिता के क्षेत्र में शीर्ष पाँच राज्यों में जगह प्राप्त की है।**

जयपुर, 2 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में सहकारिता के माध्यम से समृद्धि की एक नई और सशक्त कहानी लिखी जा रही है। इसी दिशा में राजस्थान सरकार भी सहकारिता की शक्ति से प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले सहकार सदस्यता अभियान का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री शर्मा राजधानी जयपुर स्थित संविधान क्लब में आयोजित सहकार सदस्यता अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत, प्रदेश भर की लगभग 8,300 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) पर सदस्यता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान कुल पांच विभागीय गतिविधियों को समन्वित रूप से चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने सहकारी समितियों की संख्या में कम से कम 10 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे सहकारिता की पहुंच और प्रभाव क्षेत्र को विस्तारित किया जा सके।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक 77 लाख से अधिक किसानों को 42,765 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है। इसके अलावा, 2.48 लाख नए किसानों को 433 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया है, जबकि 30 हजार से अधिक लाभार्थियों को 260 करोड़ रुपये के आजीविका ऋण दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सहकारिता केवल एक आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दायित्वों को निभाने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के तहत, पैक्स स्तर पर गोदामों और भंडारण केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता की गतिविधियों को नई दिशा मिली है और राज्य सहकारिता के क्षेत्र में देश के शीर्ष पाँच राज्यों में स्थान प्राप्त कर रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने लगभग 700 करोड़ रुपये से अधिक की बजट सौगातें दी हैं और सरस उत्पादों की गुणवत्ता तथा मांग में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को एपेक्स बैंक द्वारा 1.28 करोड़ रुपये और कॉनफेड द्वारा 21.73 लाख रुपये की लाभांश राशि के प्रतीकात्मक चेक भी भेंट किए गए। समारोह में प्रमुख शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल, आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज सहित, बड़ी संख्या में सहकारिता सदस्य उपस्थित थे।

# सोनिया गांधी ने महात्मा गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

- **वे पहले राजघाट और फिर विजय घाट गईं और पुष्प अर्पित किये।**

नयी दिल्ली, 02 अक्टूबर। कांग्रेस संसदीय दल की नेता तथा पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राष्ट्रिपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी समाधि पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांधी पहले बापू के समाधि स्थल राजघाट गईं और पुष्प अर्पित कर राष्ट्रिपिता को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि विजयघाट जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। देश को सत्य, शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले बापू और अपने दृढ़ संकल्प से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शास्त्री जी को आज पूरा देश याद कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अस्वस्थ होने के कारण बेंगलुरु में उपचाराधीन हैं, जबकि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश में नहीं हैं। दिल्ली में मौजूद गांधी ने कांग्रेस की तरफ से दोनों महापुरुषों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खंडवा में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा, 11 की मौत

## दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने जा रही ट्रॉली के तालाब में गिरने से हादसा हुआ

- **हादसा जामली गांव में हुआ, ट्रैक्टर ट्रॉली में क्षमता से ज्यादा लोग थे इसलिए ट्रॉली पुलिया से पलट कर तालाब में गिर गई।**
- **11 मृतकों में से 9 बच्चियां हैं, डूबे हुए लोगों की तलाश की जा रही है।**

खंडवा, 02 अक्टूबर। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में बड़ा हादसा हो गया। नवरात्रि उत्सव के बाद माता की प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिया पार करते समय तालाब में गिर गई। यह हादसा पंधाना थाना क्षेत्र के जामली गांव में हुआ। शुरू में पांच मौतों की खबर आई थी, लेकिन अब मृतकों की संख्या बढ़ कर 11 हो चुकी है। हादसे में मारे गए लोगों में ज्यादातर बच्चे हैं। सभी शवों को पंधाना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जा रहा है। फिलहाल घटना स्थल पर रेस्क्यू अभियान जारी है। नावों पर लाइट लगाकर सर्चिंग की जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंच गए थे।

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक खंडवा जिले के पंधाना क्षेत्र के ग्राम अर्दला और जामली से आए 30-35 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर तालाब पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि ट्रॉली पर जरूरत से ज्यादा लोग बैठे थे। पुलिया पर खड़ी होने के दौरान संतुलन बिगड़ने से ट्रॉली पलटकर तालाब में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 11 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 9 बच्चियां शामिल हैं। जेसीबी की मदद से ट्रॉली को बाहर निकाल लिया गया है और प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद है। फिलहाल रेस्क्यू अभियान जारी है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि सभी लापता लोगों के शव मिल चुके हैं, पर ऐहतियातन सर्चिंग की जा रही है।

इंदौर (ग्रामीण) रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अनुराग ने बताया कि यह हादसा तब हुआ, जब पंधाना क्षेत्र में दुर्गा देवी की मूर्तियों को विसर्जन के लिए जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली श्रद्धालुओं समेत तालाब में पलट गई। पुलिस और प्रशासन के साथ ही एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग पंडालों में नवदुर्गा उत्सव के दौरान स्थापित मूर्तियों को तालाब में विसर्जित करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हमें पता चला है कि हादसे के बाद पांच-छह श्रद्धालु तालाब से जीवित बाहर आ गए। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि हादसे के कारण का पता लगाया जा रहा है।

सीएम मोहन यादव ने भी घटना पर दुख जताया है। सीएम ने मृतकों के निकटतम परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि तथा घायलों को नजदीकी अस्पताल में समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। देवी मां दुर्गा से सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और शोक संतप्त परिजनों को संबल हेतु प्रार्थना है।

# बीजापुर में 103 माओवादियों का एतिहासिक आत्मसमर्पण

## इसमें 49 ईनामी माओवादी हैं जिन पर कुल एक करोड़ से भी ज्यादा का ईनाम है

- **छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति चला रखी है, जिसके तहत उन्हें त्वरित सहायता के रुप में 50 हजार रु. दिए जाते हैं।**

बीजापुर, 02 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति एवं पुनर्वास योजनाओं ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है, जहां बीजापुर जिले में 103 माओवादियों ने ऐतिहासिक आत्मसमर्पण किया है। इनमें 1 करोड़ 6 लाख 30 हजार रुपये के इनाम वाले 49 इनामी माओवादी भी शामिल हैं, जिन्होंने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

यह आत्मसमर्पण छत्तीसगढ़ शासन की "पुनर्मिलन-पुनर्वास से पुनर्जीवन" नीति की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। समर्पण करने वालों में डीव्हीसीएम, पीपीसीएम, एसीएम सहित विभिन्न स्तरों के वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

आत्मसमर्पण के पीछे मुख्य कारणों में माओवादी संगठन में बढ़ते आंतरिक मतभेद, सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं का सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचना है। विशेष रूप से रेवोल्यूशनरी पीपुल्स कमेटी (आरपीसी) के सदस्य बड़ी संख्या में मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इस वर्ष अब तक जिले में 410 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 421 गिरफ्तार किये गये हैं और 137 मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

# दलाई लामा ने आरएसएस की प्रशंसा की

- **उन्होंने एक संदेश में कहा कि इसके सदस्य कर्तव्य और समर्पण की दृढ़ भावना से काम करते हैं।**

नागपुर, 02 अक्टूबर। तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने गुरुवार को भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और उसे समृद्ध बनाने के लिए एक शताब्दी से अधिक समय से समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सेवाभाव की प्रशंसा की।

उन्होंने आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक संदेश में कहा कि इसके सदस्य कर्तव्य और समर्पण की दृढ़ भावना से काम करते हैं। यह संदेश यहां आयोजित आरएसएस शताब्दी समारोह में साझा किया गया।

दलाई लामा ने पिछले पचास वर्षों में आरएसएस के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों पर विचार करते हुए संगठन के मानवीय मूल्यों, धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और भारत के प्राचीन ज्ञान की रक्षा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने भारत में तिब्बती समुदाय के लिए आरएसएस के समर्थन को भी स्वीकार किया। उन्होंने शैक्षिक और सामाजिक विकास के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में संगठन की पहुंच और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत प्रदान करने में इसकी सक्रिय भूमिका का उल्लेख किया।

## अंबानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा कि साझेदारी बॉटलिंग, तकनीक और ब्रांडिंग से जुड़े समझौतों पर आधारित होगी। कंपनी भागीदार कंपनियों का अधिग्रहण करने की योजना नहीं बना रही है।

"कैंपा श्योर" की कीमतें 250 मिलीलीटर की बोतल के लिए सिर्फ 5 रुपए से शुरू होंगी। इसे अगले पखवाड़े में उत्तरी भारत में उतारा जाएगा।

इसके बड़े पैक मौजूदा राष्ट्रीय ब्रांडों से 20-30 प्रतिशत सस्ते होंगे। उदाहरण के लिए, एक लीटर की "कैंपा श्योर" बोतल 15 रुपए में बिकेगी, जबकि इस श्रेणी के प्रमुख खिलाड़ी, बिसलेरी, कोका-कोला की "किन्ले" और पेप्सीको की "एक्वफीना" की एक लीटर की बोतलें 20 रुपए में बिकती हैं। दो लीटर का पैक "कैंपा श्योर" का 25 रुपए में मिलेगा, जबकि प्रतियोगी कंपनियों के पैक 30-35 रुपए में बिकते हैं।

रिलायंस पहले से ही अपनी "इन्डिपैन्डैंस" स्टेपल्स फ्रैंचाइज़ के तहत एक और पैकेज्ड वॉटर ब्रांड बेच रही है, जिसकी कीमत "कैंपा श्योर" से ज्यादा है।

## अमेरिका में ट्रंप ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस पर गांधी ने कहा कि आरएसएस की विचारधारा "कमजोरों को पीटना" और ताकतवरों से दूर भागना है।

गांधी ने वहाँ इंजीनियरिंग छात्रों से कहा कि साम्राज्य ऊर्जा परिवर्तन के दौर में उभरते हैं। "ब्रिटिशों ने स्टीम इंजन और कोयले पर नियंत्रण किया, वे महाशक्ति बने। हमने उस साम्राज्य से लड़ाई लड़ी और 1947 में आज़ादी हासिल की। ब्रिटिशों के बाद, अमेरिकियों ने कोयला और स्टीम से पेट्रोल और इंजन तक बदलाव की यात्रा की। अब नया बदलाव बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर का है। अमेरिका, जिसका विश्व के प्रति समुद्री दृष्टिकोण है, और चीन, जिसकी जमीनी दृष्टि है, दोनों के बीच असली लड़ाई यही है कि यह बदलाव कौन संभालेगा। अब तक चीनी आगे चल रहे हैं।"

अमेरिका के बारे में बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ध्रुवीकरण की राजनीति बेरोजगारों को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा, "भारत में आर्थिक वृद्धि के बावजूद हम नौकरियाँ नहीं दे पा रहे हैं, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था सेवाओं पर आधारित है और हम उत्पादन नहीं कर पा रहे। अमेरिका में ट्रंप के साथ ज्यदातर वही लोग ध्रुवीकृत हैं, जिन्होंने निर्माण क्षेत्र में अपनी नौकरियाँ खोईं। चीन ने बिना लोकतंत्र के माहौल में उत्पादन कर दिखाया है। लेकिन हमें लोकतांत्रिक ढाँचे में उत्पादन का ऐसा मॉडल खड़ा करना होगा, जो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सके।"

जैसी कि उम्मीद थी, भाजपा ने विपक्ष के नेता पर पलटवार किया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर कहा, "एक बार फिर राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं, बल्कि प्रोपेगेंडा के नेता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वे विदेश जाकर भारतीय लोकतंत्र पर हमला करते हैं। कभी अमेरिका और ब्रिटेन से हमारे मामलों में दखल की माँग करते हैं और अब यह सब कर रहे हैं। सेना से लेकर न्यायपालिका तक, संविधान से लेकर सनातन तक, सब पर हमला।" केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा, "जब किसी पार्टी का नेतृत्व राहुल गांधी जैसे लोग करेंगे, जो शहरी नक्सल जैसी हरकत करते हैं, तो स्वाभाविक है कि बाकी कांग्रेसी नेता भी वही भाषा बोलेंगे।"

## पाकिस्तान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लाहौर स्थित नवीकरणीय ऊर्जा विशेषज्ञ सैयद फैज़ान अली शाह ने इसकी समीक्षा की है, से पता चलता है कि करीब 4 लाख ट्यूबवेल, जो पहले ग्रिड बिजली से चलते थे, अब सौर ऊर्जा पर चल रहे हैं। हबीब का अनुमान है कि किसानों ने 2023 से अब तक लगभग 2.5 लाख नए सौर ट्यूबवेल भी खरीदे हैं। यानी, पाकिस्तान में कुल मिलाकर लगभग 6.5 लाख ट्यूबवेल धूप से चल रहे हैं।

पाकिस्तान में कृषि के सौर ऊर्जा की ओर बढ़ते झुकाव और इसकी वजह से भूजल स्तर कम होने पर यह पहली विस्तृत रिपोर्ट है।

सन् 2023 में बिजली दरों में तेज़ बढ़ोतरी से प्रोत्साहित होकर पाकिस्तान में सौर ऊर्जा का उपयोग तेज़ी से बढ़ा है। यही रुझान अब दुनिया के अन्य देशों में भी देखा जा रहा है। चीन में सौर पैनलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की वजह से 2017 से अब तक पैनल की कीमतें 80 प्रतिशत गिर गई हैं। इसी कारण हरे-भरे ब्राज़ील से लेकर सूखा प्रभावित इराक तक, किसान अब सिंचाई के लिए धूप का इस्तेमाल करने लगे हैं।

# बद्रीनाथ धाम के कपाट 25 नवम्बर को बंद होंगे

श्री बदरीनाथ धाम, 02 अक्टूबर। उत्तराखंड में स्थित चार धामों में से एक श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 23 अक्टूबर को और श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को बंद होंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की गुरुवार को विजयादशमी पर हुई बैठक में पंचांग गणना के बाद यह फैसला लिया गया।

समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत, पंच पूजाओं के पहले दिन 21 नवंबर को भगवान गणेश की पूजा होगी। शाम को इसी दिन भगवान गणेश के कपाट बंद होंगे। दूसरे दिन 22 नवंबर को आदि केदारेश्वर मंदिर तथा शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे। तीसरे दिन 23 नवंबर को खडग - पुस्तक पूजन तथा वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जायेगा। चौथे दिन 24 नवंबर को मां लक्ष्मी जी को कढाई भोग चढाया जायेगा।

## पंजाब- हरियाणा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संभावना है। दो से चार अक्टूबर के दौरान पंजाब और हरियाणा में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने का अनुमान है। इससे बाद, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में पांच से सात अक्टूबर 2025 के दौरान, वर्षा, गरज-चमक होने का अनुमान है । पांच और सात अक्टूबर 2025 को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर और छह अक्टूबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। इस अवधि के दौरान चंडीगढ़ सहित, दोनों राज्यों में गरज-चमक के साथ तेज हवायें (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने का अनुमान है। छह और सात अक्टूबर 2025 को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने का अनुमान है। पांच और छह अक्टूबर 2025 को पंजाब में और छह अक्टूबर 2025 को हरियाणा में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने के आसार हैं। पंजाब में सात अक्टूबर को गरज/बिजली गिरने का अनुमान है।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मीडिया एक्स पर लिखा, गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं। वे सेवा और करुणा की शक्ति को लोगों को सशक्त बनाने के अनिवार्य साधन मानते थे। हम एक विकसित भारत के निर्माण के अपने अभियान में उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी राष्ट्रिपता को श्रद्धांजलि दी।

## प्र.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सामर्थ्य की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो न केवल देश को सशक्त बना सकती है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

## सरकार ने लद्दाख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दर्जनों लोग, जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल थे, घायल हुए।

इसके बाद हुई सख्त कार्रवाई में की गई और 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

एलएबी और केडीए की मुख्य मांग है, चार मौतों की न्यायिक जाँच, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे सीआरपीएफ की गोलीबारी में मारे गए।

उनमें से एक थे त्सेवांग थरचिन, जो लद्दाख स्काउट्स में तैनात एक सैनिक थे और 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ करगिल युद्ध में लड़ चुके थे।

अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने और जम्मू-कश्मीर राज्य के विभाजन के बाद लद्दाख को अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया था। उस समय, लेह के कई लोगों जिनमें सोनम वांगचुक भी थे, ने इस निर्णय का स्वागत किया था।

लेकिन एक साल के भीतर, लोगों में असंतोष बढ्ने लगा क्योंकि उन्हें लगा कि उपराज्यपाल के प्रशासन में राजनीतिक रिक्तता है।

इसके बाद बड़े पैमाने पर विरोध और भूख हड़तालें शुरू हुईं। पहली बार बौद्ध बहुल लेह और मुस्लिम बहुल करगिल के राजनीतिक व धार्मिक समूह एकजुट हुए। तब से सरकार के साथ कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। मार्च में लद्दाखी प्रतिनिधियों ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी।

## अक्टूबर में शुरु ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में वर्ष 2020 में हुई हिंसक झड़प के बाद से सीधी उड़ान सेवा बंद है।

मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष के शुरू से भारत और चीन के बीच संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों के तहत दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण सीधी हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने और एक संशोधित हवाई सेवा समझौते पर तकनीकी स्तर की चर्चा कर रहे थे।

## 'सरकार के प्रति असंतोष की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिवर्तन हुआ है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत में गड़बड़ी फैलाना चाह रहीं ताकतें देश के अंदर और बाहर, दोनों तरफ सक्रिय हैं। उन्होंने यह भी कहा कि "जनता की स्थिति को ध्यान में रख कर नीतियां नहीं बनतीं तो असंतोष पैदा होता है, पर उस असंतोष की हिंसक अभिव्यक्ति से परिवर्तन नहीं आता।"

भागवत ने 22 अप्रैल की पहलगाम की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमा पार से आए आतंकवादियों ने 26 भारतीय नागरिक पर्यटकों को इसलिए मार डाला, क्योंकि वे हिंदू थे। उन्होंने कहा, "सरकार और सेना ने मई में इसका करारा जवाब दिया और हम सभी ने देश के नेतृत्व, हमारी सेना के शौर्य और समाज की एकता व संकल्प के प्रेरणादायक दृश्य देखे।"

लेकिन इसके साथ ही, यह भी स्पष्ट हो गया है कि हमें यथासंभव सतर्क रहना होगा और अपनी सुरक्षा क्षमताओं को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से यह भी पता चला कि हमारे सच्चे मित्र कौन हैं और वे हमारे साथ कितनी दूर तक खड़े रहने को तैयार हैं।

भारत के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ (शुल्क वृद्धि) पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने स्वदेशी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आयात पर निर्भरता कभी भी मजबूरी नहीं बननी चाहिए। स्वदेशी का कोई विकल्प नहीं है। हमें मित्र राष्ट्रों के साथ, अपनी शर्तों पर तथा बिना किसी दबाव के, संबंध बनाए रखते हुए, आत्मनिर्भरता को और मजबूत करना होगा।

भागवत ने यह भी कहा कि उग्रवादी नक्सल आंदोलन को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है, जो सरकार की कड़ी कार्रवाई और लोगों द्वारा नक्सल विचारधारा के खोखलेपन को समझने का परिणाम है। लेकिन उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में सामाजिक न्याय, सतत विकास, सद्भावना, सहानुभूति और समरसता सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र कार्ययोजना की आवश्यकता पर बल दिया।

दिन की शुरुआत में, उन्होंने आरएसएस मुख्यालय में पारंपरिक "शस्त्र पूजन" किया। पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ, आधुनिक हथियारों की प्रतिकृतियां, जैसे पिनाका रॉकेट सिस्टम और ड्रोन भी रेशीमबाग में प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस भी उपस्थित थे।

इस वर्ष की विजयदशमी रैली ने आरएसएस के 100 वर्षों की पूर्णता को प्रदर्शित किया। आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर 1925 को (उस दिन दशहरा था) डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ की गई थी। पिछले 100 वर्षों में यह संगठन हिंदू धर्म और परंपराओं की रक्षा हेतु समर्पित विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन चुका है। देशभर में लाखों लोग संघ की शाखाओं में भाग लेते हैं।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, जो दलित आइकन हैं, की उपस्थिति को संघ के "सामाजिक समरसता" कार्यक्रम के तहत, शताब्दी वर्ष में सभी वर्गों को साथ जोड़ने की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। कोविंद ने अपने संबोधन में कहा कि उनके जीवन पर संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर और संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार दोनों का गहरा प्रभाव रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस बात से खुश हैं कि आधुनिक भारत का सबसे बड़ा जन संगठन, विश्व के सबसे प्राचीन हिंदू धर्म की सेवा करते हुए 100 वर्ष पूरे कर चुका है।

आरएसएस मुख्यालय में हुई इस शताब्दी रैली में रेशीमबाग मैदान में भारी जनसमूह उपस्थित था। मोहन भागवत के मुख्य भाषण से पहले, गणवेशधारी स्वयंसेवकों द्वारा जो ड्रिल प्रस्तुत की गई, उसमें हर वर्ष की तुलना में दोगुनी संख्या थी।

संघ के नागपुर महानगर प्रमुख राजेश लोया ने अपने प्रारंभिक संबोधन में कहा कि संघ की जनस्वीकृति में भारी वृद्धि हुई है और इसके साथ ही उससे अपेक्षाएं भी बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और थाईलैंड सहित, कई देशों के अतिथि भी विशेष रूप से इस रैली में उपस्थित हैं।

# पीओके में सेना की फायरिंग, 8 प्रदर्शनकारी मरे

- **पाक अधिकृत कश्मीर में गरीबी और बदइंतजामी से दुखी जनता सड़कों पर उतर आई है**
- **पाकिस्तान की सरकार और सेना आंदोलन का दमन करने पर आमादा है और चेतावनी दी है कि अगर विरोध प्रदर्शन वापस नहीं लिया तो और भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।**

मुजफ्फराबाद, 02 अक्टूबर। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

सूत्रों के अनुसार, जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आव्हान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुज़फ़्फ़राबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार, कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुज़फ़्फ़राबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुज़फ़्फ़राबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे। इस घटना में दो लोगों के मारे जाने की खबर है। इसके अलावा, चकसवारी और इस्लामगढ़ से मुज़फ़्फ़राबाद की ओर मार्च कर रहे जेकेएएसी कार्यकर्ताओं के एक काफिले पर पुलिस ने गोलीबारी की, जिसमें दो लोगों की मौत होने और लगभग दस अन्य के घायल होने का समाचार है। पीओके सरकार के मुख्य सचिव ने जेकेएएसी नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया, लेकिन साथ ही एक नोटिस भी जारी किया।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908